## पंचम स्कंदमाता



पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वाली स्कंदमाता। नवरात्र में पांचवें दिन इस देवी की पूजा-अर्चना की जाती है। कहते हैं कि इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है। स्कंद कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कंदमाता नाम से अभिहित किया गया है। इनके विग्रह में भगवान स्कंद बालरूप में इनकी गोद में विराजित हैं। देवी स्कंदमाता की पूजा से बुध ग्रह का दोष कम होता है।

बीज मंत्र-ह्रीं क्लीं स्वमिन्यै नमः।

# आंधी-पानी से गेहूं पर संकट, किसान मायूस

## रसूलाबाद में करीब एक घंटे तक रुक-रुककर होती रही बारिश, कई क्षेत्रों में आंधी से फसल को नुकसान

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात



आंधी से खेत पर गिरी गेहूं की फसल। अमृत विचार




बारिश के दौरान मंगलपुर में सूनी पड़ी सड़क। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शुक्रवार शाम आई आंधी और बारिश से खेत में पककर तैयार खड़ी गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है। इस समय किसान गेहूं की फसल को काट कर घर लाने की तैयारी कर रहे थे। ऐसे में अचानक खराब हुए मौसम ने उनकी कमर तोड़कर रख दी है। जिले के विभिन्न इलाकों में आंधी और बारिश से गेहूं की फसल को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है।

जनपद में पिछले दो दिनों से मौसम में हो रहे उतार-चढ़ाव के बीच शुक्रवार शाम आंधी और बारिश से खेतों में पककर तैयार खड़ी गेहूं की पकी फसल ढह गई। फसल पकी होने से दाने खेत में झड़ गए हैं। वहीं देरी से लगाई गई फसल जो अभी पकी नहीं थी। आंधी में वह गिर गई है। इससे अनाज की गुणवत्ता पर असर पड़ेगा। कुल मिलाकर गेहूं की फसल के दस से बीस प्रतिशत के नुकसान का अंदेशा है।

गनीमत यह रही कि अभी कटाई का काम ठीक से आरंभ नहीं हो पाया था। वरना और नुकसान हो सकता था। मौसम के बिगड़े मिजाज को देखते हुए किसानों के होश उड़े हुए हैं।

अकबरपुर, माती, रूरा, रसूलाबाद, मंगलपुर आदि क्षेत्रों में तेज आंधी के साथ रुक-रुक कर बिजली की गड़गड़ाहट के बीच बारिश होती रही। वहीं रूरा, पुखरायां, सिकंदरा, संदलपुर समेत अन्य जगहों पर आसमान में बादल छाए रहे और तेज आंधी चलती रही। कहिंजरी निवासी कमलाकांत त्रिवेदी, पप्पू तिवारी, रसूलाबाद के रामनरेश बाजपेई, निराला नगर निवासी मीनू सिंह, पुनीत सिंह आदि किसानों ने बताया कि गेहूं की फसल पूरी तरह से पक चुकी है। कई जगह गेहूं की फसल खेतों में कटी पड़ी हुई है। ऐसे में बारिश होने से गेहूं की फसल भीगने से खराब भी हो सकती है। साथ ही पैदावार में भी कमी आ जाएगी।

हाथ की कटाई व ट्रैक्टर की मड़ाई भी प्रभावित हुई है। जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश कुमार गुप्ता ने कहा कि जिले में गेहूं की फसल को मामूली नुकसान हुआ है। अगर कहीं पर अधिक नुकसान की संभावना है कि तो किसान 72 घंटे के अंदर बीमा कंपनी, उनके कार्यालय, केसीसी वाले बैंक आदि जगहों पर आवेदन कर सकते हैं। नुकसान का आकलन कराकर मुआवजा दिलाया जाएगा।

### बारिश से खराब होगी गेहूं के दाने की क्वालिटी

- जिले में करीब पचास प्रतिशत गेहूं फसल कटने के बाद खेतों में पड़ी है। ऐसे में बारिश का पानी पडने से गेहूं के दाने की क्वालिटी खराब हो जाएगी। इस तरह का मौसम किसानों के लिए चिंता बढ़ाने वाला है। किसानों का कहना है कि इस समय अचानक बदले मौसम के बीच 50 प्रतिशत फसलें कट चुकी हैं और में थ्रेसिंग के इंतजार में रखी हुई हैं। कटी फसल पर बारिश का पानी गिरता है तो गेहूं की क्वालिटी पर इसका असर पड़ेगा। दाना काला हो जाएगा। साथ ही नमी का प्रतिशत भी बढ़ जाएगा। नमी बढ़ने से फसल सुखाने के बाद ही इसकी थ्रेसिंग होगी। वहीं जिस तरह का मौसम है और लगातार बारिश होती है तो यह कटी फसलें खराब तक हो सकती हैं। किसानों को इन उपज के दाम बाजार भाव से कम मिलेंगे।

### आंधी से गिरे आम की बौर और छोटे फल

- शुक्रवार शाम को आंधी व बारिश से बागवानी फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। कई क्षेत्रों में आम का बौर व कच्चे फल झड़ गए। इससे पैदावार पर असर पड़ेगा। हवाएं इतनी तेज थी कि फलों के पेड़ भी कई जगह गिरे हैं। उद्यान अधिकारी डॉ. बलदेव ने बताया कि विभाग की टीम नुकसान की जानकारी करने में जुटी हुई है। आंधी आने के कारण कुछ जगहों पर आम की बौर व कच्चे छोटे फल टूटकर गिरे हैं। ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है।

# रैली और सभा के लिए लें ऑनलाइन अनुमति

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

● निर्वाचन आयोग की व्यवस्था के तहत वेबसाइट पर करना होगा आवेदन




सुविधा एप। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव मैदान में उतरने वाले प्रत्याशियों को रैली, जनसभा आदि की अनुमति लेने के लिए अफसरों के चक्कर नहीं लगाने होंगे। इसके लिए उन्हें निर्वाचन आयोग की सुविधा वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा प्रत्याशियों के लिए सुविधा एक (ीजजचेरूध्ध्ेनअपकीं ण्मबपण्हवअण्पद) शुरू किया है। इस पर आवेदन करने के बाद जिला प्रशासन जांच कराकर ऑनलाइन ही रैली व जनसभा की अनुमति देगा। नामांकन के शुरू होने के साथ यह एप काम करना प्रारंभ कर देगा। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार लोकसभा चुनाव मैदान में विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ-साथ निर्दलीय उतरने वाले प्रत्याशियों के समर्थन में होने वाली सभाएं, रैली, जुलूस, कार्यालय की स्थापना व प्रचार में प्रयोग होने वाले वाहनों की अनुमति लेने के लिए अनुमति लेना अनिवार्य किया गया है। बिना अनुमति के काई कार्यक्रम नहीं हो सकेगा। प्रत्याशियों को भाग-दौड़ से बचाने के लिए आयोग के सुविधा पोर्टल के माध्यम से अनुमति मिल सकेगी। इसके लिए प्रत्याशी या उनके मुख्य एजेंट सीधे ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। प्रत्याशी अपना नामांकन सुविधा पोर्टल के माध्यम से प्रवृष्टि कर सकते हैं। उसका प्रिंट निकालकर प्रारूप-1 में रिटर्निंग ऑफीसर द्वारा निर्गत सूचना में इंगित स्थान पर नामांकन दाखिल कर सकते हैं। फार्म 26 को ऑनलाइन भरा जा सकता है। प्रिंट आउट को नोटरी कराने के साथ रिटर्निंग ऑफीसर के समक्ष दाखिल कर सकते हैं। मतदान केंद्र के सौ मीटर दायरे में प्रचार व 200 मीटर में कार्यालय नहीं हो सकेगा।

## एक नजर

### युवती की गुमशुदगी दर्ज

**रूरा।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुत्री की लापता होने की तहरीर थाने में दी है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि बीते गुरुवार को उसकी 19 वर्षीय पुत्री घर में थी। सब फसल काटने गए थे। जब शाम को घर वापस आए तो देखा कि पुत्री घर पर नहीं थी। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर तलाश की जा रही है।

### महिला ने दहेज उत्पीड़न की दर्ज कराई रिपोर्ट

**रसूलाबाद।** गुरुवार शाम रसूलाबाद के विकास नगर निवासी सोनी ने थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसके पति सोनू, सास, ननद अगमा, सर्वेश, चंदन व चंद्रभान की पत्नी अज्ञात दहेज को लेकर आए दिन मारपीट करते हैं और जान से मार देने की धमकी देते हैं। उप निरीक्षक देवनारायण द्विवेदी ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### बाइकों की भिड़ंत, दो घायल

**रनियां।** कस्बे में हाईवे पर अकबरपुर से कानपुर लेन पर मॉडल शाप के निकट दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइकों पर सवार रनियां निवासी ऋषभ प्रजापति व सहिलाहा महाराजपुर कानपुर नगर निवासी हरि घायल हो गए।

### टक्कर मारने में बाइक सवार पर केस दर्ज

**रूरा।** वीरपुर नकासिया गांव के अनुज ने पुलिस को तहरीर दी कि दो अप्रैल की शाम उसके बाबा घर बाहर के बाहर टहल रहे थे। उसी समय रूरा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे वृद्ध का पैर टूट गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# संदलपुर में सवारियों को ठूंसकर फर्राटा भर रहे ऑटो और टेंपो

संवाददाता संदलपुर



संदलपुर में सवारियों को लटकाकर ले जाता ऑटो चालक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क्षेत्र में ऑटो और टेंपो में क्षमता से अधिक सवारियां बैठाई जा रही है। इससे आवागमन के दौरान दुर्घटना होने की आशंका रहने लगी है। कस्बे व आसपास के रूट पर फर्राटा भर रहे ऑटो व टेंपो चालक सड़कों पर खुलेआम मनमानी कर रहे हैं। इसके बावजूद इनपर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

बता दें नियमानुसार ऑटो में ड्राइवर के अलावा तीन सवारियां बैठ सकती हैं। जबकि टेंपो में ड्राइवर के अलावा छह सवारियां बैठ सकती हैं। लेकिन हालात यह हैं ऑटो में आठ और टैंपो में 15 सवारियां तक बैठाई जा रही है। संदलपुर कस्बे में हर रोज सुबह से ही ब्लॉक परिसर से लगाकर पावर हाउस व बिरहाना चौराहा तक टेंपो चालकों का जमावड़ा होता है। अराजकता का आलम यह है कि चालकों के बीच सवारियों को बैठाने को लेकर कहासुनी भी होती है। चालक आधी से ज्यादा सवारियां टेंपो के पीछे या दांइ-बाईं ओर लटका कर चलते हैं। ऐसे में कई बार क्षमता से अधिक सवारियां भरने के कारण ऑटो व टेंपों अनियंत्रित होकर पलट भी चुके हैं। जिससे यात्रियों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। इसके बावजूद भी टेंपो चालक अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं। कई बार तो नाबालिगों के हाथ में टेंपो की स्टेयरिंग देखी जाती है।

● चालकों की मनमानी से यात्रियों की खतरे में रहती जान

# पोर्टल में फीडिंग : 123 स्कूलों पर कार्रवाई संभव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

● बीएसए ने दो दिन में फीडिंग करने की हिदायद दी

**अमृत विचार।** यू-डायस पोर्टल पर डाटा फीडिंग को लेकर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रबंधक व प्रधानाधपक लापरवाह बने हुए हैं। बीएसए द्वारा कई बार चेतावनी देने के बाद भी अभी तक जिले के 123 मान्यता प्राप्त विद्यालयों ने छात्र प्रोफाइल का कार्य पूर्ण नहीं किया है। जिसपर उन्हें दो दिनों फीडिंग न करने पर मान्यता रद्द करने की चेतावनी दी गई है।

जनपद के कई स्कूल यू डायस पर स्टूडेंट की प्रोफाइल अपलोड करने में लापरवाही बरत रहे हैं। जानकारों की मानें तो लापरवाही करने वाले स्कूल और स्टूडेंट को यू डायस अपलोड होने वाली प्रोफाइल में कोई भी गलती होने पर पूरे साल शिक्षा विभाग के चक्कर लगाने पड़ेंगे। प्रोफाइल अपलोड करने में लेटलतीफी पर 123 स्कूलों को नोटिस भेजा गया है। वहीं लापरवाही करने वाले स्कूलों को ये भी चेतावनी दी है कि लेट करने वाले स्कूलों की मान्यता भी रद्द की जा सकती है। 12वीं तक के छात्रों की प्रोफाइल अपलोड करने का समय दिया है।

> यू-डायस पोर्टल पर स्टूडेंट प्रोफाइल का शत-प्रतिशत फीडिंग का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसे भरने में जो भी लापरवाही करेगा कार्रवाई की जाएगी। सभी खंड शिक्षाधिकारी इसे दो दिवस में पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> -रिद्धी पांडेय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

## सार-संक्षेप



रनियां में गश्त करते थाना प्रभारी व अर्द्धसैनिक बल के जवान। अमृत विचार

### प्रभारी ने अर्द्धसैनिक के बल साथ जनता से किया संवाद

**रनियां।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए रनियां थाना प्रभारी के नेतृत्व में अर्द्धसैनिक बलो ने कस्बे की गलियों में घूम-घूम कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया। शुक्रवार को रनियां थाना प्रभारी महेंद्र सिंह पटेल ने अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ प्रमुख मार्गों से होते हुए गस्त कर लोगों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने पूछा कि सुरक्षा को लेकर रनियां थाने के जवान रात्रि गस्त में मुस्तैद रहते हैं या नहीं। साथ ही व्यापारियों से यह अपील कि वह लोग अपने-अपने प्रतिष्ठानों के बाहर सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगवाएं। जिससे अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग बिना डरे व किसी के दबाव में आए बिना करने का आवाहन किया। थाना प्रभारी ने लोगों को विश्वास दिलाया कि सुरक्षा के मामले में रनियां पुलिस हर समय चौकन्ना है। इसलिए किसी को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है।



अंबरपुर में कथा सुनातीं कथावाचिका और मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

### शिव-पार्वती के विवाह की कथा सुनाई

**रूरा।** अंबरपुर में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर कथा वाचिका ने शिव-पार्वती विवाह की कथा सुनाई। शुक्रवार को भागवत कथा में शिव पार्वती विवाह का श्रवण कराते हुए कथा वाचिका देवी पूनम किशोरी कहा कि मनु शतरूपा की कन्या आकूति का विवाह पुत्रिका धर्म के अनुसार रुचि प्रजापति से तथा प्रसूति कन्या का विवाह ब्रह्माजी के पुत्र दक्ष प्रजापति से हुआ। उससे उन्होंने सुंदर नेत्रों वाली सोलह कन्याएं उत्पन्न कीं। इनमें से तेरह कन्याएं श्रद्धा, मैत्री, दया, शांति, तुष्टि, पुष्टि, क्रिया, उन्नति, बुद्धि, मेधा, तितिक्षाए और मूर्तिद्ध धर्म की पत्नियां बनीं। अग्निदेव स्वधा नामक कन्या समस्त पितरों की तथा सती नाम की कन्या महादेव की पत्नी बनीं। उन्होंने कहा कि सती अपने पति की सेवा में ही संलग्न थीं। दक्ष प्रजापति की सभी कन्याओं को संतान की प्राप्ति हुई, लेकिन सती के पिता दक्ष ने बिना किसी अपराध के भगवान शिवजी से प्रतिकूल आचरण किया था। इसीलिए युवावस्था में क्रोधवश योग द्वारा स्वयं ही अपने शरीर का त्याग कर देने से सती को कोई संतान न हो सकी। इस दौरान धीरेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह राठौर, विनोद, राज कुमार, कपिल, मोहिनी, सोनम आदि मौजूद रहे।

### मानसिक रूप से विक्षिप्त बुजुर्ग की मौत

**रसूलाबाद।** थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव स्थित पुराने स्वास्थ्य उप केंद्र में एक करीब साठ साल का बुजुर्ग विक्षिप्त पिछले डेढ़ साल से रह रहा था। मोहल्ले के लोग उसे भोजन उपलब्ध करा देते थे। वह मांगता नहीं था। पिछले छह दिनों से वह अस्पताल में ही पड़ा रहता था। ग्रामीणों ने उसके हाथ में कुछ रुपये रख दिए थे। ताकि वह अपना इलाज करा सके, लेकिन शुक्रवार की शाम को बुजुर्ग मृत अवस्था में पाया गया। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।




रैली निकालते स्कूली बच्चे। अमृत विचार

# मतदाता चेतना रैली निकाली गई

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव को लेकर स्वीप कार्यक्रम का प्रचार प्रसार आम मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चलाया जा रहा है। इसके तहत ग्राम पंचायत फतेहपुर रोशनाई व ग्राम पंचायत शेरपुर तरौंदा में मतदाता चेतना रैली एवं जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया।

शुक्रवार को जागरुकता कार्यक्रम के दौरान लोगों को निष्पक्ष एवं बिना प्रलोभन के मताधिकार के प्रयोग को लेकर बताया गया। इसके बाद मतदाताओं को शपथ भी दिलाई गई। शिक्षकों ने कहा कि कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्र में चेतना रैली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूकता प्रभारियों द्वारा लगातार जागरूक किया जा रहा है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हर एक मतदाता को उनके दायित्वों की दिशा दिखाने का लगातार प्रयास चल रहा है। लोकतंत्र में चुनाव का महत्व सर्वोपरि है। इसे लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की रीढ़ कहा गया है। 18 वर्ष से ऊपर सभी अपना पंजीकरण कराएं और जागरूक मतदाता बनें। इस दौरान पूनम सिंह, पूनम सचान, ज्योति मिश्रा, शिखा सिंह, दीपिका वर्मा, रश्मि, संजय शुक्ला, पीयूष मिश्रा, गोरेंद्र सचान आदि रहे।

# किशोरियों को ले जाने वाली महिला को तीन साल सजा

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

● डेरापुर क्षेत्र के गांव में करीब छह साल पहले हुई थी घटना

**अमृत विचार।** डेरापुर क्षेत्र में करीब छह साल पहले एक गांव की तीन किशोरियों को पड़ोसी महिला बहलाकर अपने साथ लेकर गायब हो गई थी। पुलिस ने किशोरियों को बरामद कर आरोपी महिला को जेल भेजा था। मामले में एफटीसी प्रथम की अदालत ने आरोपी महिला को दोषी करार देते हुए तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता अमित सिंह चौहान व अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि डेरापुर थाना क्षेत्र एक गांव निवासी महिला ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 10 फरवरी 2018 को बारह बजे दिन में उसकी बीस वर्षीय व सोलह वर्षीय पुत्रियां व पड़ोसी की सत्रह वर्षीय पुत्री को सलमा चना का साग लेने के बहाने फुसलाकर कहीं ले गई है। पुलिस ने चार दिन बाद तीनों लड़कियों को आरोपी महिला सलमा के साथ बरामद कर लिया था। साथ ही आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में दाखिल कर दिए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज/एफटीसी प्रथम सुरेंद्र सिंह की अदालत में चल रही थी। शुक्रवार को मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने आरोपी महिला को दोषी करार देते हुए तीन साल के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही नौ हजार का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड देने पर पर नौ माह का अधिक कारावास भुगतना होगा।

# आग से 10 बिस्वा गेहूं की फसल जली

**मूसानगर।** थाना क्षेत्र के रसूलपुर भुण्डा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में गेहूं के खेतों में अचानक आग लग गई। जिससे लगभग दस बिस्वा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई।

शुक्रवार को मूसानगर क्षेत्र के रसूलपुर भुण्डा गांव में गेहूं के खेतों में अचानक आग गई। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड व थाना पुलिस को देते हुए आग बुझाने का प्रयास शुरू किया।

सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड, पीआरवी 112 व थाना मूसानगर पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक आग से गेहूं की लगभग दस बिस्वा फसल जलकर राख हो गई। इस संबंध में लेखपाल दीपेंद्र ने बताया कि गांव के जीतेंद्र सिंह व छोटे सिंह के खेतों में आग से फसल का नुकसान हुआ है।

आस्था उमड़ी | मां मुक्तेश्वरी मंदिर में चौथे दिन भी श्रद्धालुओं की भीड़

# मां कूष्मांडा का पूजन, गूंजी जय-जयकार

संवाददाता, मूसानगर



मां मुक्तेश्वरी का सजा दरबार।



मां मुक्तेश्वरी मंदिर परिसर में लगी दुकान से पूजन सामग्री खरीदतीं महिलाएं।

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के चौथे दिन मां दुर्गा के चौथे स्वरुप माता कुष्मांडा की उपासना की गई। कहते हैं कि देवी ने अपनी मंद मुस्कराहट और अपने उदर से इस ब्रह्मण्ड को उत्पन्न किया था। जिसके चलते इन्हें कूष्मांडा देवी के नाम से जाना जाता है। इनकी उपासना शांत मन से करनी चाहिए।

शुक्रवार को माता मुक्तेश्वरी मंदिर में श्रद्धालुओं ने माता के चौथे स्वरुप मां कुष्मांडा देवी की पूजा-अर्चना के लिए दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने लंबी लाइनों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर दर्शन पूजन किया। शक्ति का चौथा स्वरूप सूर्य के समान तेजस्वी माना गया है। मान्यता के अनुसार देवी कुष्मांडा भगवान ब्रम्हा की शक्ति से दुर्गा के रूप में प्रकट हुई और भक्तों की रक्षा की। उन्होंने महिषासुर का वध किया, जिससे वे महिषासुरमर्दिनी भी कहलाईं। भक्तों ने माता मुक्तेश्वरी मंदिर में माथा टेक कर मनौती मांगी। माता के जयकारों से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। मां मुक्तेश्वरी जीर्णोद्धार सेवा समिति के अध्यक्ष महेंद्र तिवारी बताते हैं कि माता का हर रोज अलग अलग श्रृंगार किया जाता है। माता के दरबार में सच्चे मन और श्रद्धा से मांगी गई मनोकामना मां अवश्य पूरी करती हैं। वहीं मंदिर व्यवस्था में जीर्णोद्धार सेवा समिति के पदाधिकारी व पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

# निबंध में शगुन, मेहंदी में मुस्कान अव्वल

संवाददाता, पुखरायां



प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं। अमृत विचार

● आरएसजीयू पुखरायां में दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित रामस्वरूप ग्रामोद्योग परास्नातक महाविद्यालय पुखरायां दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। पहले दिन निबंध प्रतियोगिता में शगुन साहू प्रथम, सचिन कुमार द्वितीय व प्रज्ञा वाजपेई तृतीय स्थान पर रही।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में सान्या प्रथम, अवनीश सिंह द्वितीय व कन्हैया तृतीय स्थान पर रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में साहिबा खातून प्रथम, दिव्यांशी गुप्ता द्वितीय, प्रज्ञा वाजपेई तृतीय स्थान पर रही। मेहंदी प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम, साहबा द्वितीय, खुशनुमा तृतीय स्थान पर रही। सलाद मेकिंग प्रतियोगिता में अनामिका पांडेय प्रथम, अयस्का द्वितीय व हिमांशी तृतीय स्थान पर रही। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी प्रो. सविता गुप्ता ने प्रतिभागियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों के अंदर की प्रतिभा को निखारती है। निर्णायक मंडल में प्रो. मुकेश चंद द्विवेदी, डॉ. हरीश कुमार सिंह, डॉ. हेमेंद्र सिंह, डॉ. रमणीक श्रीवास्तव, डॉ. रविंद्र सिंह, डॉ. प्रबल प्रताप सिंह तोमर, डॉ. पर्वत सिंह, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. निधि अग्रवाल, डॉ. अंशुमान उपाध्याय, डॉ. शिवनारायण यादव, संजय सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### गांजा के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**रनियां।** थाना पुलिस ने पेप्सी गोदाम उमरन के पास चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को दो किलो सौ ग्राम गांजा के साथ दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए अभियुक्त ने पुलिस को अपना नाम रजत कश्यप उर्फ छोटू (25) निवासी गुड़ियाना लंका रोड कस्बा सचेंडी कानपुर नगर बताया। थाना प्रभारी महेंद्र पटेल ने बताया के आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें 99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# हीट वेव को लेकर अफसर अलर्ट, हो सकती है जानलेवा

## स्वास्थ्य विभाग कर रहा है जागरूक ○ जिला अस्पताल में ऐसे मरीजों के लिए आरक्षित किये गये हैं 20 बेड

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिले में हीट वेव के मरीज सामने आने शुरू हो गए हैं। हीट वेव को लेकर स्वास्थ्य विभाग के लिये अलर्ट जारी किया जा चुका है। सभी सरकारी अस्पतालों में गर्मी में होने वाली बीमारियों के मद्देनजर जरूरी इंतजाम रखने को कहा गया है। सीएमओ हर दिन स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर तैयारियां परख रहे हैं और अधीक्षक सहित सभी स्टाफ को जरूरी निर्देश भी दे रहे हैं। सीएचसी पर छह छह बेड के वार्ड बनाए जाने के निर्देश हैं वहीं जिला अस्पताल में अलग से 20 बेड का वार्ड बनाया जाएगा।

अप्रैल में ही गर्मी का खासा प्रकोप है। प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य ने अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं और 30 बिंदुओं पर नियमित समीक्षा के भी निर्देश दिए है। सरकारी अस्पतालों की इमरजेंसी में डॉक्टरों एवं नर्सिंग स्टाफ को 24 घंटे मुस्तैदी के साथ ड्यूटी को कहा गया है। अस्पतालों में पीने के पानी, कूलर और रैन बसेरे की भी पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी सीएससी पर छह-छह बेड के अतिरिक्त वार्ड भी बनवाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही अधीक्षक सहित सभी स्टाफ को बताया कि अगर हीट वेव से पीड़ित का किस तरह से इलाज किया जाएगा।



मौसमी बीमारियों के चलते वार्ड हुआ फुल। अमृत विचार

- सीएमओ हर दिन स्वास्थ्य केन्द्रों में जाकर देख रहे हैं तैयारियां
- डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ को 24 घंटे ड्यूटी के निर्देश

### इनका विशेष ध्यान रखें रहें पूरी तरह सतर्क

एक वर्ष से कम आयु के शिशु, अन्य छोटे बच्चे, गर्भवती महिलाएं, आउटडोर कार्य करने वाले व्यक्ति, बीमार व्यक्ति, विशेषकर हृदय रोगी, हाई ब्लड प्रेशर से ग्रस्त व्यक्ति, ऐसे व्यक्ति जो ठंडे क्षेत्रों से गर्म क्षेत्रों में जा रहे हों, उनका विशेष ध्यान रखें। यह समूह हीट वेव के लिए अधिक संवेदनशील होता है। अकेले रहने वाले बुजुर्ग और बीमार व्यक्ति के स्वास्थ्य की नियमित रूप से देखभाल तथा समीक्षा की जाए। दिन के समय में अपने घर में निचले तल पर रहें।

### शरीर में पानी की कमी न होने दें

डॉक्टरों के मुताबिक अधिक से अधिक पानी पिएं, यदि प्यास न लगी हो तब भी पानी पिएं, यात्रा करते समय पीने का पानी अपने साथ जरूर रखें, ओआरएस, घर में बने हुए पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी, नींबू पानी, छाछ पिएं। पानी की अधिक मात्रा वाले फल एवं सब्जियां जैसे तरबूज, खरबूज, खीरा-ककड़ी, संतरे, अंगूर, अनानास खाएं।

### शरीर ढक कर रखें

मौसम को देखते हुए हल्के रंग के पसीना सोखने वाले कपड़े ही पहनें। खुले में निकलते समय धूप का चश्मा, छाता, टोपी, चप्पल पहनें। अगर खुले में कार्य करते है तो सिर, चेहरा, हाथ पैरों को गीले कपड़े से ढकें।

### खुले में रहने से बचना जरूरी

हवा वाली ठंडी जगहों पर रहें। सूर्य की सीधी रोशनी और हीट वेव को रोकने के लिए घरों को ठंडा रखें। दिन में खिड़कियां, पर्दे और दरवाजे बंद रखें। जबकि शाम या रात के समय घर व कमरों को ठंडा करने के लिए खोला जा सकता है। घर से बाहर होने की स्थिति में आराम करने का समय बढ़ाएं। पंखे और गीले कपड़ों का उपयोग करें।

### क्या करें और क्या न करें

हीट वेव की स्थिति शरीर की कार्य प्रणाली पर प्रभाव डालती है। समय पर उचित इलाज न मिलने पर प्रभावित व्यक्ति की जान भी जा सकती है। हीट वेव के प्रभावों को कम करने के लिए सावधान रहने की जरूरत है। डॉक्टरों के मुताबिक हीट स्ट्रोक, हीट रैश, हीट कैंप के लक्षणों जैसे कमजोरी, चक्कर आना, सिरदर्द, उबकाई, पसीना आना, बेहोशी आदि को पहचानें। कमजोरी अथवा बेहोशी की स्थिति का अनुभव होने पर डॉक्टर की सलाह अवश्य लें और चिकित्सक द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों का पालन करें।

"जिला अस्पताल में 20 बेड का वार्ड बनाया जाएगा जबकि प्रत्येक सीएचसी पर छह छह बेड के वार्ड बनाए जा रहे हैं। हीट वेव को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में सभी दवाइयों की व्यवस्था करके रखी गई है।

-डॉ. इस्तियाक अहमद, सीएमओ

# सार-संक्षेप

### दंगा व बलवा नियंत्रण को लेकर पुलिस ने किया अभ्यास

**फतेहपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए दंगा व बलवा होने पर स्थिति को कैसे नियंत्रण किया जा सकता है उसको लेकर एसपी की मौजूदगी में टीम बनाकर पुलिस लाइन परिसर में पुलिस जवानों द्वारा माकड्रिल किया गया। मॉकड्रिल के दौरान एक टीम सादे कपड़ों में दंगाई बने हैं और अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी कर रोकने आई पुलिस पार्टी और पथराव कर रहे। एसपी उदय शंकर सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण ले रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ टीम बनाकर दंगा व बलवा होने पर कैसे कानून व्यवस्था बनाये रखा जाए व स्थिति को रोका जा सकता है। उसको लेकर मैक ड्रिल के माध्यम से दंगा नियंत्रण का रिहर्सल किया गया। एसपी ने बताया कि पुलिस लाइन परिसर में बने कार्यालय का निरीक्षण भी किया गया। आपको बता दें कि दंगा नियंत्रण को लेकर हो रहे माक ड्रिल के दौरान कब क्या करना है इसकी भी जानकारी दी गई।



मेधावी छात्रों को पुरस्कृत करते अतिथि। अमृत विचार

### मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**बहुआ।** नगर के सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज में शुक्रवार को एलकेजी से लेकर कक्षा 11 तक के बच्चों का रिजल्ट कार्ड वितरण किया गया। कक्षा में स्थान पाने वाले मेधावियों को पुरस्कृत करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया। वहीं विशेष सम्मान के पात्र विद्यार्थी जो अनवरत पूरे सत्र विद्यालय में किसी भी दिन अनुपस्थित ना होकर के अपना पूर्ण योगदान उपस्थिति के रूप में प्रदान किया, उन्हें भी प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्याम राखन शास्त्री, राहुल देव, प्रवीण, अंकुल, अमित, गजाला, ललित, पूजा समेत अन्य तमाम अभिभावक भी मौजूद रहे।

### पूर्व प्रधान की पिकअप से टक्कर मार कर हुई थी हत्या

**फतेहपुर।** हत्या को दुर्घटना दिखाने के मामले का शुक्रवार को पुलिस ने खुलासा किया है। वर्चस्व की लड़ाई में पिकअप से एक्सीडेंट कर हत्या को दुर्घटना दिखाने में शामिल साले जीजा समेत तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस लाइन में एसपी उदय शंकर सिंह ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि औंग थाना क्षेत्र के गोधरौली निवासी राहुल ने हुसैनगंज थाना क्षेत्र के चितीसापुर के रहने वाले अपने साले सोनू व छोटू के साथ मिलकर पूर्व प्रधान राम शरण की एक्सीडेंट कर हत्या को दुर्घटना दिखाने की साजिश रची थी। जिसके तहत राहुल ने अपने पड़ोसी के पिकअप से 4 अप्रैल को हुसैनगंज के जीजीआइसी स्कूल के पास गलत साइड में जाकर बाइक सवार पूर्व प्रधान राम शरण की टक्कर मारकर हत्या कर दी थी। मामले में परिजनों की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। लेकिन जांच के दौरान राहुल और उसके साले सोनू और छोटू के नाम सामने आए। आरोपियों की पूर्व प्रधान से पुरानी रंजिश है। मृतक ने 2023 में खेत में भैंस चले जाने के मामले मे सोनू के पिता की पिटाई भी की थी।



हवन कर कार्यालय का उद्घाटन करतीं केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति व अन्य।

### हवन-पूजन के साथ हुआ कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**फतेहपुर।** अयाह शाह विधानसभा क्षेत्र के गाजीपुर कस्बे में शुक्रवार को विधि-विधान पूर्वक भाजपा कार्यालय का उद्घाटन किया गया। जिसमें केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने हवन-पूजन किया। कार्यकर्ताओं के साथ विजय मंगल की कामना की गई। विधानसभा क्षेत्र के मध्य गाजीपुर में सांसद द्वारा असोथर, गाजीपुर के साथ ही बहुआ मंडल के कार्यकर्ताओं से भेंट कर कुशल क्षेम लिया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री राधेश्याम गुप्ता, दिनेश बाजपेई, प्रभुदत्त दीक्षित, आशीष मिश्रा, अर्चना त्रिपाठी, अपर्णा सिंह गौतम, सुशील सिंह चंदेल, प्रवीण कुमार सिंह, प्रकाश गुप्ता, अनिल शुक्ला, नीरज सेंगर सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में बच्ची घायल

**औंग।** नेशनल हाईवे स्थित थाना क्षेत्र के ग्राम छिवली में दोपहर बाद चांदनी की पांच वर्षीय पुत्री जोया बाइक से टकरा जाने से घायल हो गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने घायल बच्ची का इलाज कराया।

### मारपीट व झगड़ा करने में दो गिरफ्तार

**बिंदकी।** कोतवाली क्षेत्र के सरदारपुर गांव में मारपीट व झगड़ा करने के आरोप में पुलिस ने अमित पुत्र हरदीप तथा गीता देवी पुत्री रोशन को उप निरीक्षक जोनिहां चौकी इंचार्ज आलोक कुमार तिवारी ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेजा है।

### बिना मान्यता स्कूल संचालन पर नोटिस

**शिवली-कानपुर देहात।** एसजीएम चिल्ड्रन पब्लिक एकेडमी कॉलेज के प्रबंधक को बिना मान्यता के स्कूल संचालन करने पर बीएसए रिद्धी पांडेय ने नोटिस जारी किया है। बीएसए ने तीन दिन में नोटिस का जवाब मांगा है। बीएसए ने शुक्रवार को नोटिस जारी करते हुए कहा कि शिकायतें मिली हैं कि मांडा गांव में बिना मान्यता के कक्षा आठ तक स्कूल संचालित हो रहा है। इसलिए स्कूल का संचालन बंद कर तीन दिन के अंदर साथ-साथ जवाब दें। सही जवाब न मिलने पर एक लाख तक का जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

# दूध समेत किशमिश का भरा नमूना

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र में मिलावटी खाद्य सामग्री बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की कवायद को लेकर शुक्रवार को सहायक आयुक्त खाद्य की टीम ने कई दुकानों में छापेमारी की। जहां से मिश्रित दूध समेत मूंगफली के दाने एवं किशमिश का नमूना भरा गया।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन एवं जिलाधिकारी के आदेश पर नवरात्र को लेकर 17 अप्रैल तक छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को सहायक आयुक्त खाद्य, देवेन्द्र पाल सिंह के निर्देश एवं राजेश कुमार दीक्षित मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में जिले के विभिन्न खाद्य परिसरों से तीन खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए। जिनमें शहर के ताम्बेश्वर चौराहे स्थित सन्दीप पाल की दुकान से मिश्रित दूध, राघवेन्द्र के प्रतिष्ठान स्थित बेरा गढ़ीवा से मूंगफली का दाना एवं आनन्द बाबू किराना स्टोर स्थित हुसैनगंज से किशमिश का एक नमूना लिया गया। बताया गया कि सभी नमूनों को जांच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी। सहायक आयुक्त खाद्य ने बताया कि सभी खाद्य कारोबारियों को खाद्य पदार्थों को ढककर रखने, दुकानों में साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए गए हैं। टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार दीक्षित, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार सिंह, महेन्द्र कुमार यादव, धीरज कुमार दीक्षित, राम बाबू आदि मौजूद रहे।





दुकानों से नमूना लेते सहायक आयुक्त। अमृत विचार

- नवरात्र को लेकर चलाया जा रहा मिलावट के खिलाफ अभियान
- संग्रहित किए गए नमूनों को जांच के लिए भेजा गया प्रयोगशाला

# हाईकोर्ट के महानिबंधक ने वकील और मुंशी पर कराई एफआईआर

संवाददाता, प्रयागराज

- बांदा और फतेहपुर के युवकों को गलत तरीके से हाईकोर्ट में प्रवेश का पास दिलाया

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के महानिबंधक राजीव भारती ने हाईकोर्ट के ही अधिवक्ता और मुंशी के खिलाफ दिनांक धोखाधड़ी व अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। एफआईआर कैंट थाने में दर्ज कराई गई है।

महानिबंधक ने आरोप लगाया है कि 10 अप्रैल को अधिवक्ता प्राची श्रीवास्तव ने हर्ष श्रीवास्तव को कथित तौर पर अपना मुंशी बताकर परिसर में प्रवेश दिलाया और हर्ष ने अपनी आईडी से बांदा निवासी आलोक सिंह और फतेहपुर के बिंदकी निवासी प्रद्युमन सिंह को न्यायालय परिसर में प्रवेश कराया। जिन्हें हाईकोर्ट के सुरक्षाकर्मी कृष्ण कुमार मिश्रा व उनके सहयोगी सुरक्षाकर्मियों ने मल्टीटास्किंग स्टाफ के नियुक्ति पत्र, जिस पर हाईकोर्ट का मोनोग्राम (मुहर) लगा हुआ था तथा बिना भरे हुए शपथ पत्र प्रारूप बरामद किए थे।

साथ ही हर्ष श्रीवास्तव के पास से हाईकोर्ट का एंट्री पास एवं अन्य एंट्री पास मिले, जिस पर हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार (प्रोटोकॉल) के हस्ताक्षर एवं मुहर लगे हुए थे। उपरोक्त बरामद सभी दस्तावेजों का निरीक्षण किए जाने पर प्रथम दृष्टया सभी दस्तावेज कूटरचित और फर्जी पाए गए। अतः फर्जी एंट्री पासों को तैयार एवं उपयोग करने वाले संज्ञेय अपराध के लिए आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# गांवों में चलाया गया सफाई अभियान

**हथगाम।** हथगाम विकास खंड के भैरमपुर ग्राम पंचायत नहवैया में रोस्टर के तहत शुक्रवार को सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें नहवैया ग्राम सभा के रजाबाद, भैरमपुर व नहवैया में सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें गांवो की गलियां, नालियां, प्राथमिक विद्यालय, धार्मिक स्थल सार्वजनिक स्थल मिनी सचिवालय बारातशाला व आंगनबाड़ी में सफाई अभियान जोरो से चलाया गया। इसके लिए ब्लाक स्तर पर एक टीम गठित की गई जो की ब्लाक के सभी ग्राम पंचायत में रोस्टर के चलाकर किया गया। इस मौके पर नहवैया प्रधान गीता देवी व प्रधान प्रतिनिधि वीरेंद्र लोधी व क्षेत्र पंचायत सदस्य राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# गैंगस्टर के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता किशनपुर, फतेहपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के जमकोइली मोड़ के समीप पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जिसके खिलाफ पुलिस ने कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष भेज दिया है।

शुक्रवार की सुबह पुलिस को मुखबिर के जरिए गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे खागा थाना क्षेत्र के खैरई गांव निवासी इनायतउल्ला उर्फ नियामतउल्ला को अवैध असलहा के साथ घूमने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को विजयीपुर से धाता मार्ग में जमकोइली मोड़ के समीप 315 बोर के तमंचे व दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि गिरफ्तार युवक के खिलाफ खागा व किशनपुर थाने में कई आपराधिक मामले दर्ज है।

# बाइक से गिरकर युवक घायल

**बिंदकी।** बाजार करने बाइक से आ रहा युवक अनियंत्रित होकर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है।

कोतवाली क्षेत्र के सेलावन गांव निवासी सर्वेश कुमार 45 वर्ष बाइक से बाजार करने आ रहा था। तभी गांव के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी मिलने पर परिजन भी पहुंच गये।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

संवाददाता बहुआ, फतेहपुर

**अमृत विचार।** ललौली थाना क्षेत्र के बांदा टाडा मार्ग में गुरुवार की रात बाइक सवार दो साथियों को ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घायल साथी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ललौली थाना क्षेत्र के बहुआ कस्बा निवासी सोहन यादव गुरुवार की रात अपने साथी उमेश के साथ दतौली की तरफ बाइक से करीब दस बजे काम से जा रहे थे। वे सिधांव नहर के पास पहुंचे थे कि तभी बांदा की ओर से जा रहे मौरंग लदे ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार रोड पर गिर गए और ट्रक के नीचे आ गए। हादसे में सोहन यादव की मौके पर ही मौत हो गई वहीं उसका साथी उमेश गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी पर पहुंचे परिजनों में शव देख कोहराम मच गया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



मृतक के घर के बाहर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

**आफत** | बच्चों में गर्मी के चलते डिसेंट्री की हो रही शिकायत, बाल रोग विशेषज्ञ की ओपीडी में सौ से अधिक पहुंच रहे बच्चे

# गर्मी के चलते बच्चों में बढ़ा डायरिया, ओपीडी फुल

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** गर्मी के तेवर सख्त होते ही बच्चों की सेहत गड़बड़ा रही है। अभी तक बच्चों को डायरिया की शिकायत थी, लेकिन अब डिसेंट्री (मल के साथ ब्लड आना) के मामले भी सामने आ रहे हैं। बच्चों को तेज बुखार के साथ ही लूज मोशन आ रहा है। यही हाल बड़ों का है। ऐसी हालत में तत्काल डाक्टर से सलाह लेने के निर्देश दिये गये हैं।

तापमान में रोज हो रही बढ़ोतरी ने बच्चों और बूढ़ों को परेशान कर रखा है। जिला अस्पताल की ओपीडी में एक से लेकर पांच साल तक के रोजाना सौ से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें अधिकांश डायरिया के मामले हैं, जिन्हें तेज बुखार के साथ ही लूज मोशन आ रहा है। जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मूलचन्द्रा ने बताया कि कुछ समय से बच्चों में डिसेंट्री के केस भी बढ़े हैं। बच्चों को शोच के साथ ही ब्लड आ रहा है। इन मरीजों को जरूरत पर भर्ती किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन होने वाली ओपीडी में 80 फीसदी बच्चों में डायरिया की शिकायत है। यह स्थिति अचानक से मौसम के गरम होने की वजह से उत्पन्न हुई है। इस मौसम में बच्चों के खानपान का विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। जरा सी लापरवाही से बच्चे बीमार हो रहे हैं।



जिला अस्पताल की ओपीडी में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

### आरओ का पानी नहीं मिल रहा

अस्पताल में कहने को तो आरओ वॉटर प्लांट लगा है, मगर इससे पानी नहीं आता और बहुत समय से यह खराब पड़े हैं। शुरुआत में जरूर मरीजों और तीमारदारों को ठंडा आरओ का पानी मिलता रहा है, मगर काफी समय से यहां पानी ही नहीं मिल रहा है। मरीज टंकी का सादा पानी पीने को मजबूर हैं। तीमारदार बाहर से पानी लाने को मजबूर हो रहे हैं।

### मानसिक बीमारियों की चपेट में आ रहे लोग

गर्मी के मौसम में मानसिक रोगियों की संख्या बढ़ रही है। जिला अस्पताल में मन कक्ष में मानसिक रोगी आ रहे हैं। साइकोलॉजिस्ट डा. रिंकी ने बताया कि मानसिक तनाव मौसम के साथ बदलता है। नींद न आना, घबराहट, उदासी, चिड़चिड़ापन, काम में मन न लगना, काली छाया दिखना आदि मानसिक बीमारियों के लक्षण हो सकते हैं। बताया कि सात से आठ घंटा तक नींद लेना, व्यायाम करना, डायट में सलाद और पौष्टिक आहार लेना, योग आदि से निजात मिल सकती है। बताया कि मन कक्ष में कार्य दिवस के किसी भी दिन काउंसलिंग कराई जा सकती है। गर्मी के मौसम में बाइपोलर डिसआर्डर के मरीज बढ़ जाते हैं।

### गर्भवती महिलाओं का निजी सेंटरों में फ्री अल्ट्रासाउंड

**फतेहपुर।** दोआबा में अब गर्भवती महिलाएं निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर में अपना निःशुल्क अल्ट्रासाउंड करा सकेंगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लाभार्थी महिला को ई-वाउचर और क्यूआर कोड दिया जाएगा। इस क्यूआर कोड से गर्भवती महिलाएं चिन्हित निजी अल्ट्रासाउंड केंद्र पर अपना अल्ट्रासाउंड करा सकेंगी। इसके तहत अल्ट्रासाउंड सेंटर को सौ रुपये के स्टांप पेपर पर अल्ट्रासाउंड का एग्रीमेंट जमा कराने होंगे।

### क्यूआर कोड स्कैन करते ही जमा होगा पैसा

अल्ट्रासाउंड सेंटर द्वारा क्यूआर कोड को स्कैन करते ही उनके खाते में शुल्क जमा हो जाएगा। इस योजना के तहत निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर को 255 रुपये का भुगतान किया जाएगा। चिन्हित अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल सके इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी सेंटरों को सौ रुपये के स्टांप पेपर पर अल्ट्रासाउंड का एग्रीमेंट जमा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

"हर महीने की नौ तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाया जाता है। इस अभियान के तहत डाक्टरों द्वारा गर्भ में बच्चे की स्थिति को जानने के लिए महिलाओं को अल्ट्रासाउंड कराने की राय दी जाती है। गर्भवती महिलाओं को परेशानी से बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सरकार के निर्देश पर यह पहल की है। इसके तहत गर्भवती महिलाएं अब सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों के अलावा खागा और बिन्दकी के पंजीकृत दो निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर निःशुल्क अल्ट्रासाउंड करा सकेंगी। डाक्टर के परामर्श के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिला को क्यूआर कोड दिया जाएगा। इस क्यूआर कोड को गर्भवती महिला चिह्नित प्राइवेट अल्ट्रासाउंड सेंटर पर ले जाकर अपना अल्ट्रासाउंड करा सकेंगी।

-डॉ. इस्तियाक अहमद, सीएमओ

# शार्ट सर्किट से दो किसानों की फसल जली

**संदलपुर-कानपुर देहात।** संदलपुर क्षेत्र के रेवा गांव में दो किसानों के खेतों में हाईटेंशन लाइन के शार्टसर्किट से सुबह गेहूं के खेत में आग लग गई। आग से दोनों किसानों के दस-दस बिस्वा गेहूं की फसल जल गई। सिकंदरा तहसील के संदलपुर क्षेत्र के रेवा गांव में शुक्रवार की तड़के हाईटेंशन लाइन की शार्ट सर्किट से दो किसानों की दस-दस बिस्वा फसल जल गई। पीड़ित किसान छोटे शुक्ला व छुट्टन शुक्ला ने बताया कि उनके खेतों के ऊपर से हाईटेंशन लाइन निकली है। तार जर्जर हो चुके हैं। वही बिजली विभाग की लापरवाही के चलते इन तारों को अभी तक नहीं बदला गया और न ही कभी मरम्मत की गई। शुक्रवार की सुबह बिजली सप्लाई शुरू होते ही शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गई। आग की लपटों को देखकर आसपास के ग्रामीणों ने दौड़कर नलकूप चलाकर आग पर काबू पा लिया। तहसीलदार ने बताया कि आग की सूचना मिली है। आकलन हेतु लेखपाल को मौके पर भेजा गया है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# ग्रामीणों व खदान कर्मियों के बीच जमकर हुई मारपीट, कई घायल

## खदान कर्मियों के बनाए गए वाउचर मार्ग से निकलने को लेकर हुआ संघर्ष

संवाददाता किशनपुर फतेहपुर



- रात में किसी कार्यक्रम से लौट रहे थे ग्रामीण
- पुलिस ने तहरीर मिलने पर कार्रवाई करने की बात कही

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में संचालित हो रहे मझगवां मौरंग खदान में शुक्रवार की देर रात करीब 8 बजे के आसपास खदान कर्मियों व ग्रामीणों के बीच विवाद हो गया। दोनों के बीच हुए विवाद में जमकर लाठी डंडे चले जिसमें कई लोग घायल हो गए।

बताया जा रहा है कि मझगवां गांव निवासी धीरज सिंह अपने दोस्त मानसिंह, नन्नू, राज व शिवम सिंह के साथ किसी कार्यक्रम से सम्मिलित होकर अपने गांव वापस जा रहे थे। मुख्य मार्ग का रास्ता खराब होने की वजह से यह सभी लोग खदान कर्मियों द्वारा बनाए गए वाउचर के मार्ग से गांव जा रहे थे। इसी दौरान वाउचर के समीप बैठे खदान कर्मियों ने रुकवा कर गाली गलौज शुरू कर दी। जिस पर ग्रामीणों ने गाली गलौज का विरोध किया, लेकिन कुछ समय बाद दोनों पक्षों की ओर से गाली गलौज होने लगी। इसी दौरान खदान कर्मियों ने लाठी डंडों से लैस होकर उन लोगों पर धावा बोल दिया और पीटना शुरू कर दिया।

इसी दौरान गाली गलौज और शोर शराबा सुनकर मौके पर काफी ग्रामीण इकट्ठा हो गए और फिर ग्रामीण व खदान कर्मियों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें धीरज सिंह, शिवम् सिंह व मान सिंह बुरी तरीके से जख्मी हो गए। वहीं खदान कर्मियों को भी हल्की फुल्की चोटे आई हैं, जिन्हे आनन-फानन में इलाज के लिए भेजा गया। ग्रामीणों का आरोप है कि आए दिन खदान कर्मी किसी न किसी से मारपीट करते रहते हैं। आज भी उन्होंने बेवजह गांव के लड़कों से गाली गलौज की इसके बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया है। वहीं सूचना के बाद मौके पर एसडीएम खागा, क्षेत्राधिकारी खागा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे ओर मामले की जांच पड़ताल की।

वहीं मामले में किशनपुर थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मारपीट की सूचना पर मौके पर प्रशासन पहुंचा है। घायलों को इलाज के लिए भेजा गया है। किसी भी पक्ष से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है तहरीर आने पर आग विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### अपने ही वाहनों पर फायरिंग कर ग्रामीणों पर लगाया आरोप

ग्रामीणों का आरोप है कि खानदान कर्मियों ने खुद से अपने ही वाहनों पर फायरिंग कर तोड़फोड़ की। और तोड़फोड़ का आरोप ग्रामीणों पर लगाया है ताकि विरोधी पक्ष को फंसाया जा सके। खदान कर्मियों द्वारा विवाद के तुरंत बाद अपने ही वाहनों पर तोड़फोड़ की गई और मामले को तोड़ मरोड़ कर ग्रामीणों पर फायरिंग करने व तोड़फोड़ करने का आरोप लगा रहे हैं।

# अटल आवासीय विद्यालय में खुशी का हुआ चयन

**खागा फतेहपुर।** शिक्षा क्षेत्र धाता के परिषदीय विद्यालय में प्राथमिक विद्यालय डेंडासई की कक्षा पांच में पढ़ रही छात्रा ने अटल आवासीय विद्यालय में चयनित होकर प्राथमिक विद्यालय डेण्डासई परिषदीय विद्यालय का नाम रोशन किया है।



अटल विद्यालय में चयनित छात्रा खुशी।

राज्य सरकार की अटल आवासीय योजना के साथ-साथ विद्या ज्ञान की प्रवेश परीक्षा होती है। विद्याज्ञान एक प्राइवेट शिक्षण संस्था है जहां अध्यनरत आधुनिक सुविधाओं के साथ बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। जबकि अटल आवासीय योजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुरू की है। धाता विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय डेण्डासई की कक्षा 5 की प्रतिभाशाली छात्रा खुशी सिंह ने अटल आवासीय प्रवेश परीक्षा परीक्षा उत्तीर्ण की है।

# आसमान से नहीं छंट रहे संकट के बादल

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** आसमान में बदली छाने व मौसम विभाग की ओर से आंधी तथा बारिश की संभावना जताए जाने से किसानों की धड़कनें बढ़ गई हैं। इससे किसान खेतों में तैयार फसल को जल्द घर लाने की कवायद में लगे हैं। शुक्रवार को सुबह बदली देख किसान फसल को समेटने में जुटे नजर आए।

दैवीय आपदा का दंश कई साल से झेल रहे किसानों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है। इस साल रबी की ठीक ठाक फसलें देखकर किसानों को काफी उम्मीद थी, लेकिन पिछले माह हुई बारिश के साथ ओले गिरने से लाही आदि की फसलों को खासा नुकसान हो चुका है। मौजूदा समय में गेहूं चना आदि की फसलें खेतों में पककर तैयार हो चुकी हैं। किसान खेतों में डेरा डालकर फसलों की कटाई व थ्रेसरिंग कराने में लगे हैं। इधर मौसम के बार बार करवट बदलने तथा आसमान में बदली देख किसानों के माथे पर फिर से चिंता की लकीरें दिख रही हैं। शुक्रवार को सुबह से बदली छाई रही। जिससे चिंतित किसान खेतों में तैयार फसल को जल्द सुरक्षित करने की कवायद में जुटे दिखे।

- आसमान में बादल देख बढ़ीं किसानों की धड़कनें
- पकी फसलों को तेजी से सहेजने में जुटे किसान

## कटाई के साथ क्रय केन्द्रों में बढ़ी खरीद

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** अप्रैल माह में गेहूं की कतराई का कार्य प्रगति पर है, उसी के साथ गेहूं क्रय केंद्रों पर भी इसकी आवक लगातार बढ़ती जा रही है। स्थिति यह है कि अभी तक 273.50 कुंतल गेहूं की खरीद क्रय केंद्रों पर की जा चुकी है। इसके साथ ही किसानों के खाते में भुगतान भी किया रहा है। आने वाले समय में बड़े पैमाने पर गेहूं आवक की उम्मीद है।

जिले में फिलहाल में 79 सरकारी केंद्रों के माध्यम से गेहूं की खरीद जारी है। वैसे तो एक मार्च से गेहूं के क्रय केंद्र खोल दिए गए थे लेकिन गेहूं की कटाई का सिलसिला अप्रैल में शुरू हुआ। इसके बाद क्रय केंद्रों पर गेहूं पहुंचने लगा है। शुक्रवार तक जनपद के 24 क्रय केंद्रों पर कुल 273.50 कुंतल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। अब जैसे-जैसे गेहूं की कतराई होती जाएगी क्रय केंद्रों पर इसकी आवक और बढ़ने की सम्भावना दिख रही है। शुरुआत में गेहूं की आवक कम होने से अधिकारियों की चिंता बढ़ी हुई थी लेकिन जिस हिसाब से गेहूं खरीद हो रही है उसे अनुमान लगाया जा सकता है कि लक्ष्य को प्राप्त करने में परेशानी नहीं होगी। कुल मिलाकर जिले के किसानों द्वारा क्रय केन्द्रों में गेहूं बेंचा जा रहा है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि सभी क्रय केंद्रों पर किसानों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। साथ ही समय से उनके भुगतान भी किए जा रहे हैं। किसानों को किसी प्रकार की समस्या होने पर वह शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

# कार्मिकों को मिली ड्यूटी, अब 22 तारीख से लेंगे प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- शहर के एक महाविद्यालय में चार दिनों तक दो पालियों में दिया जाएगा प्रशिक्षण
- सभी कार्मिकों को मताधिकार के लिए प्रपत्र 12 एवं 12 क भेजा गया

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को कार्मिकों को ड्यूटी पत्र वितरित किए गए। कई कार्मिक अपनी ड्यूटी को कटाने के फिराक में जोड़ जुगाड़ भी लगा रहे हैं। वहीं लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्मिकों के प्रशिक्षण का कार्यक्रम भी घोषित कर दिया है। पीठासीन अधिकारी व प्रथम मतदान अधिकारी का प्रशिक्षण 22 अप्रैल से शहर के ठा. युगराज सिंह महाविद्यालय में शुरू होगा। चार दिनों तक दो पालियों में कार्मिकों को चुनाव सम्पन्न कराने के लिए दक्ष किया जाएगा।

जिला निर्वाचन कार्यालय ने चुनाव आयोग की गाइड लाइन के अनुसार विभिन्न विभागों के कार्मिकों को उनके ग्रेड पे के अनुसार पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारी नियुक्त किया है। पहले प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारी को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित किया जाएगा। पहली पाली का प्रशिक्षण सुबह दस बजे से दोपहर एक बजे तक एवं दूसरी पाली का प्रशिक्षण दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगा।

प्रथम प्रशिक्षण में जाने वाले पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारी अपनी दो रंगीन पासपोर्ट फोटो साथ लेकर जाएंगे। सभी कार्मिकों को मताधिकार के लिए प्रपत्र 12 एवं 12 क भेजा गया है।

**कार्मिकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम**

| दिनांक | कोड | संख्या पाली |
|---|---|---|
| 22 अप्रैल 2024 | 01 से 880 | प्रथम पाली |
| 22 अप्रैल 2024 | 881 से 1760 | द्वितीय पाली |
| 23 अप्रैल 2024 | 1761 से 2640 | प्रथम पाली |
| 23 अप्रैल 2024 | 2641 से 3520 | द्वितीय पाली |
| 24 अप्रैल 2024 | 3521 से 4400 | प्रथम पाली |
| 24 अप्रैल 2024 | 4401 से 5280 | द्वितीय पाली |
| 25 अप्रैल 2024 | 5281 से 5428 | प्रथम पाली |

# बार बालाओं के ठुमकों पर जमकर चले लाठी-डंडे

**थरियांव फतेहपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर मजरे करमोन में मुंडन कार्यक्रम में बिना परमीशन बार बालाओं के नाच का आयोजन किया गया। जिसमें मारपीट हो गई। कार्यक्रम में खाना बनाने वाले कारीगर को जमकर पीट दिया गया। उसने पुलिस को तहरीर दी है। बिना परमीशन ऐसे कार्यक्रम अक्सर प्रकाश मंर आते रहते हैं लेकिन जिम्मेदार कतई गम्भीर नहीं दिखते हैं। मुंडन कार्यक्रम में खाना बनाने आए मिस्त्री उमाशंकर निवासी धर्मदासपुर पिलखिनी थाना हुसैनगंज ने बताया कि रात 11.30 बजे जब वह खाना बना कर नाच देखने गया, तभी कुछ लोग बहाने से गांव के बाहर बुला कर ले गए और वहां अपने अन्य साथियों व भाइयों के साथ लाठी डंडे व लात घूसों से जमकर पीटने लगे व जान से मारने की धमकी दी। जिसमें उमाशंकर को चोटे आई हैं। पीड़ित उमाशंकर ने थाना थरियांव में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# यात्रियों की सुविधा के लिए बनेगा पे एंड यूज शौचालय

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को होने वाली परेशानियों को समाप्त किए जाने के लिए पे एंड यूज शौचालय का निर्माण कराए जाने की कवायद शुरू हो चुकी है। यहां पर प्लेटफार्म नंबर एक पर एकमात्र शौचालय का ठेका समाप्त होने के बाद से यहां पर यात्रियों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा था। जिससे यात्रियों को परेशानी होने पर या तो उन्हे मजबूरन पेट दाबना पड़ता था। लिहाजा रेलवे के मंडलीय अफसरों ने यह निर्णय लिया है।

> यात्रियों को असुविधाओं को देखते हुए जल्द ही शौचालय का निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा। वहीं स्टेशन के अमृत भारत में शामिल होने के बाद अन्य कार्य भी जारी हो चुके हैं।
>
> – अमित सिंह, पीआरओ डीआरएम

### अभी वेटिंग रूम का रहता है सहारा

रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करने वाले यात्रियों को पेट मां गड़बड़ी होने पर वेटिंग रूम में बने शौचालय का ही सहारा रहता है।

### लंबे समय से चली आ रही मांग

यात्रियों को होने वाली परेशानियों को देखते हुए लंबे समय से समाजिक कार्यकर्ताओं संग रेलवे के दैनिक यात्रियों सहित आम यात्रियों द्वारा लंबे समय से शौचालय की मांग की जा रही थी। हालांकि इस दौरान महिलाओं सहित पुरुष यात्रियों की सुविधाओं के द्रष्टिगत प्लेटफार्मों पर यूरिनल की व्यवस्था कर दी गईहै।

### एक छोर से जाना पड़ता था दूसरे छोर तक

पूर्व में प्रयागराज इंड की ओर प्लेटफार्म नंबर एक पर पे एंड यूज शौचालय का संचालन कराया जा रहा था। जहां पर एक कानपुर इंड पर ट्रेनों का इंतजार करने वाले यात्रियों को जाने में परेशानियां उठानी पड़ती थी।

## सार-संक्षेप



जागरुकता रैली में शामिल अधिकारी व कर्मचारी। अमृत विचार

### ईओ के नेतृत्व में चला मतदाता जागरुकता अभियान

**धाता फतेहपुर।** नगर पंचायत में अधिशासी अधिकारी अजीत कुमार बागी के नेतृत्व में शुक्रवार को मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में कार्यालय के कर्मचारी वार्ड के सभासद एवं सफाई कर्मी उपस्थित रहे। रैली में अधिशासी अधिकारी ने लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि सभी लोग लोकतंत्र के इस महापर्व में अपने मत का प्रयोग करें। रैली का आयोजन नगर पंचायत कार्यालय से निकलकर धाता कस्बे के मुख्य मार्ग से होते हुए निकली और पहले मतदान फिर जलपान, सारे काम छोड़ दो पहले तुम वोट दो, जन्मदिन की यही पुकार वोट डालो अबकी बार, करें राष्ट्र का जो निर्माण ऐसी चुने हम सरकार, जैसे नारे लगाते हुए सभी लोगों को मतदान के प्रति जागरुक किया गया। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने भी 'सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो', 'जन-जन की यही पुकार, वोट डालो अबकी बार' आदि नारे लगाते हुए कस्बे के लोगों को जागरूक किया।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा, बाल-बाल बचा चालक

**किशनपुर।** थाना क्षेत्र के रारी मोड़ से चंदापुर मार्ग पर जा रहा ट्रैक्टर देर रात अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें चालक बाल-बाल बच गया। गुरुवार की देर रात रारी गांव निवासी चालक बचऊ ट्रैक्टर लेकर जा रहा था। इस दौरान सामने से आ रहे वाहन को बचाने में ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे एक खेत में पलट गया। जिसमें चालक बचऊ को हल्की-फुल्की चोटे भी आई हैं।

# औंग पुल की मरम्मत में पीएनसी पर उठ रहे सवाल

संवाददाता, औंग फतेहपुर



अभी भी औंग कस्बे में नहीं हटा अतिक्रमण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** करीब एक सप्ताह से कस्बे स्थित एनएचएआई के पुल से कंक्रीट व छोटे टुकड़े गिरने को लेकर क्षेत्र में कार्यदाई संस्था के घटिया निर्माण कार्य की चर्चाएं तेजी पर हैं। पुल चालू हुए अभी एक वर्ष भी नहीं हुआ और खामियां पुल से टपकने लगीं। पुल के नीचे से छोटी-छोटी दुकानें लगाकर परिवार का पेट पालने वाले गरीब दुकानदार सिर्फ इसलिए हटाए गए कि कोई टुकड़ा किसी दुकानदार पर गिर गया तो समस्या खड़ी हो जाएगी। इसीलिए नेशनल हाईवे के अधिकारियों ने सर्वप्रथम पुल के नीचे की जगह खाली कराई। जिससे साबित हुआ कि वाकई में पुल कमजोर बना है।

**ताज्जुब एक साल के अंदर ही पुल की मरम्मत :** क्षेत्र के लोगों को बड़ा ताज्जुब हो रहा है कि एक साल के अन्दर ही पुल में मरम्मत की आवश्यकता पड़ गई। लोगों का कहना है कि गांव में लोग छप्पर बनाते हैं, मुर्गी फार्म बनाते हैं तो उनमें भी दो तीन वर्ष तक मरम्मत की जरूरत नहीं पड़ती। प्रतीत होता है कि इसमें तो बड़े बड़े इंजीनियर, बड़ा बजट, बड़ी मशीनें बड़े अधिकारियों के साथ कोई बड़ा खेल भी रहा है, इसीलिए परिणाम घटिया रहा।

### कार्यदाई संस्था की शुरू से ही दिखी उदासीनता

वर्ष 2000 के दरम्यान इस सड़क को उच्चीकृत करके फोरलेन किया गया था, जिसकी जिम्मेदारी कार्यदाई संस्था सोमदत्त बिल्डर्स को मिली थी। इस संस्था की बनाई गई सर्विस रोड पुल व सड़क में कहीं कोई शिकायत नहीं रही, जबकि सिक्स लेन निर्माण में कार्यदाई संस्था पीएनसी की उदासीनता आरम्भ से ही देखने को मिल रही है। कस्बे के जर्जर सर्विस रोड अपूर्ण हैं। सड़क व पुल से कंक्रीट मसाला झड़ने लगा है। कार्य की निगरानी में लगे इंजीनियर भ्रष्टाचार में लिप्त रहे, पैसा लेकर जमीन खाली कराने में एक स्थानीय व्यक्ति ने इंजीनियर का सहयोग किया। गांव में एक व्यक्ति के पास इससे सम्बन्धित कॉल रिकॉर्डिंग भी मौजूद है।

**लापरवाही** — बारिश के पानी का संचयन कर किसानों और पशु-पक्षियों को देनी थी राहत

# बेमकसद साबित हो रहे दोआबा के अमृत सरोवर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



खरपतवार से ढका अमृत सरोवर। अमृत विचार

- जल संचयन के लिए लाखों की कीमत से हुए थे तैयार

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामीणों को भी पार्क जैसा माहौल देने और जल संचयन को लेकर अमृत सरोवरों के निर्माण को उठाया गया कदम अभी तक जिले में सफल नहीं रहा। इनके निर्माण की शुरुआत में लाखों रुपये भले ही खर्च हो गए लेकिन अधूरे निर्माण के कारण सरोवर खास मकसद पर खरे नहीं उतर सके। अमृत सरोवर के निर्माण से जो बारिश के पानी को संचयित करने व किसान और पशु पक्षियों के लिए राहत के संसाधन बताए जा रहे थे वह सिर्फ झूठे दावों तक ही सीमित रहे हैं।

दो साल से अधिक समय गुजरने के बाद भी 200 सौ से अधिक बनाए जाने वाले अमृत सरोवर जिम्मेदारों की अनदेखी से तैयार नहीं हो सके। अधिकारी और जनप्रतिनिधि सब इस ओर से नजरे हटाए रहे। संसाधनों से जनपद की लाखों की आबादी और पशु पक्षियों को जो राहत प्राप्त हो सकती थी वह इस अनदेखी के कारण पूरी नहीं हो सकी। लोगों का कहना है कि अमृत सरोवरों के निर्माण को लेकर हम सबने इस फैसले की वाहवाही की। कहा घटते जलस्तर के साथ बिन पानी बर्बाद फसल और प्यास से बेहाल पशु पक्षियों के लिए वाकई यह बेहतर कदम था। लेकिन क्या पता था कि यह सिर्फ झूठे सपने के बराबर होगा। कहा कि लोकसभा चुनाव में जीत का सेहरा सजाने की इच्छा रखने वाले प्रत्याशियों को इन अधूरे सरोवरों के निर्माण पर ध्यान देना होगा।

### दूषित पानी बेमकसद

एक ओर जहां मानक से विपरीत बने अमृत सरोवरों में लोगों को सुकून के दो पल बिताने के कोई इंतजाम नहीं हैं। वहीं सरोवरों में दूषित पानी होने से पशु-पक्षी भी उसे पीना मुनासिब नहीं समझते हैं। अमृत सरोवर बिकमपुर में बनी सीमेंटेड बेंच लापता दिखीं। पक्की सीढ़ियां गायब रहीं।

### कुछ इस तरह बनना था सरोवर

- अमृत सरोवरों के तट पर व आसपास नीम, पीपल, कटहल, जामुन, बरगद आदि के पौधे रोपित किए जाने थे।
- उस स्थान को जीपीएस से सम्बद्ध करना।
- जहां भूजल की मात्रा कम है वहां अमृत सरोवर बनाए जाने की प्राथमिकता पर रखने पर जोर।
- तालाब में साफ पानी जाए, इसके लिए इंट्री प्वाइंट और सिल्ट चैंबर की व्यवस्था होनी थी।
- सरोवर में क्षमता से अधिक पानी न भरे इसके लिए जल निकासी की व्यवस्था भी होनी है।

### क्या कहते हैं ग्रामीण

गांव में बना अमृत सरोवर बेमकसद साबित हो रहा है। इसमें पानी के नाम पर केमिकल फैक्ट्री का दूषित पानी गोधरौली से आता रहता है। जिसका पानी किसी प्रयोग में नहीं आता है। मवेशी इस पानी को नहीं पीते हैं।

–शाहरुख, निवासी बिकमपुर

औंग शिवराजपुर के मुख्य मार्ग में स्थित अमृत सरोवर खरपतवार से ढका हुआ है। तालाब की करीब चालीस प्रतिशत जमीन में लकड़ी कंडे जमा हैं। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि इस जमीन में कब्जा करने की नीयत है।

–लालू, निवासी बीकमपुर

# खाद्य पंजीयन शिविर का हुआ आयोजन

**धाता।** कस्बे में शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा सचिव के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी एके सिंह एवं महेंद्र सिंह की उपस्थिति में उद्योग व्यापार मंडल मेहरोत्रा गुट एवं खाद्य सुरक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में खाद्य पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन महामंत्री जुगल किशोर केसरवानी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। उन्होंने बताया कि चाय नाश्ता, ठंडा , मिठाई, फल, सब्जी एवं किराना दुकानदार के साथ मेडिकल स्टोर में फूड सप्लीमेंट रखने वालों के लिए खाद्य पंजीयन कराना अनिवार्य है। शिविर में पंजीयन कराने वाले बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष बाबूलाल गुप्ता ने बताया कि इसके माध्यम से सभी व्यापारी वर्ग एक समान रूप से कार्य कर पाएंगे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
# क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पुत्री का नाम गुनगुन उर्फ अक्षिता सिंह है अतः इसे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाए। इसका सही जन्मतिथि 01/04/2009 है। **– सत्येन्द्र सिंह, निवासी– सोनपुर, तुलसीपुर जि.बलरामपुर।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा नाम वास्तव में **सावित्री पत्नी रामकुमार, निवासी– ग्राम जाजनपुर, पोस्ट बेहटा, थाना व तहसील बीघापुर, जनपद उन्नाव** निवासी हूं। लेकिन त्रुटिवश मेरा नाम सरोजनी अंकित हो गया है। मुझे सावित्री पत्नी रामकुमार पता उपरोक्त के नाम से जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे ड्राईविंग लाइसेंस संख्या यूपी 76201700075852 में पिता का नाम त्रुटिवस राकेश अंकित है। आधार कार्ड के अनुसार मेरे पिता का नाम मास्टर है इसे ही सही माना जाए। **– देवेंद्र सिंह पुत्र मास्टर, निवासी– बरई सराय ,फर्रूखाबाद**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **लाल मोहम्मद पुत्र जुम्मन निवासी ग्राम बिकई थाना व तहसील ऊंचाहार जनपद रायबरेली** का निवासी हूं। मैंने अपने पुत्र मोहम्मद जावेद पुत्र लाल मोहम्मद व बहू सना बानो पत्नी मोहम्मद जावेद को उसके ग़लत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। वह अपने समस्त प्रकार के कार्यो व कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Subham Modi (शुभम मोदी) से बदलकर Shubham Modi (शुभम मोदी) रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **– शुभम मोदी पुत्र परमानंद मोदी ग्राम मेन रोड गांधीनगर, पोस्ट गांधीनगर, थाना कोतवाली, जिला बस्ती।**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा आईसीएसई बोर्ड 2019 का हाईस्कूल का अंक पत्र जिसकी यूनिक आईडी 6907573 तथा इंडेक्स नंबर 1196301/064 है, तथा इंटरमीडिएट वर्ष 2021 का पास प्रमाण पत्र जिसकी यूनिक आईडी 6907573 तथा इंडेक्स नंबर 2213941/051 है, कहीं खो गया है।**– अभिराज सचान पुत्र राकेश कुमार सचान, निवासी– बी.08 स्वप्निल संगम सोसाइटी थाना बिजनौर लखनऊ**

**सूचना**
सर्वधारण को सूचित किया जाता है मेरे आधार पर मेरा नाम प्रेम लिखा है। जबकि मेरा पूरा नाम प्रेम नारायन साहू पुत्र बंशी लाल साहू है। लोग मुझे दोनों नाम से जानते व पहचानते हैं। मेरे एलआईसी बांड में भी मेरा नाम प्रेम नारायन साहू दर्ज है। **– प्रेम नारायन साहू पुत्र बंशी लाल साहू , ग्राम पंचायत सिंगाही, पोस्ट–रैपुरा, थाना– फखरपुर बहराइच**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं मक्खन लाल सिंह पुत्र हीरा सिंह अपने छोटे बेटे अरविंद सिंह से काफी परेशान रहता हूं। उसके चाल–चलन से परिवार के लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में मैं अपने छोटे बेटे अरविंद सिंह को अपनी चल और अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। परिवार के लोगों से उसका कोई लेना देना नहीं है। **–मक्खन लाल सिंह पुत्र हीरा सिंह, निवासी–मो0 चिक्कीपुरा, निकट–काली मंदिर, थाना– कोतवाली नगर बहराइच**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **दिलीप कुमार पुत्र स्व0 छोटे लाल, निवासी– ग्राम राजापुर इन्दौरा, परगना महोना, थाना व तहसील बक्शी का तालाब जिला लखनऊ,** मेरा छोटा पुत्र है जिसकी आयु लगभग 24 वर्ष गलत संगत का शिकार हो गया है तथा कई लोगों को गुमराह करके मेरे नाम से कर्ज ले चुका है।
वह घर परिवार में गाली– गलौज तथा मारपीट करता है इसलिए अपने पुत्र अरूण कुमार के कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ यदि वह कोई अनुचित कार्य करता है। तो मुझसे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**
सूचित हो कि प्लाट नं0 26 जिसका बही सं0 1 जिल्द सं0 7350 पृष्ठ सं– 181 से 126 पर क्रमांक 12315 में उपनिबन्धक कार्यालय में रजिस्टर्ड है। इसका मूल सेल डीड (Sale Deed) का आखिरी पन्ना कहीं खो गया है। इसका प्रयोग अवैध होगा। **शाखा इंडियन बैंक डी जी मेडिकल सर्विसेज कैसरबाग लखनऊ**

**सूचना**
कुछ कागजातों में मेरा नाम अमित कुमार वर्मा दर्ज हो गया है। जो कि गलत है। जबकि मेरा वास्तविक नाम अभिसेक वर्मा है। अतः मेरा यही नाम नाम लिखा व पढ़ा जाये। **निवासी– गौरिया, लश्करपुर, बिसवा जिला– सीतापुर**

# अराजकतत्वों ने आंबेडकर प्रतिमा तोड़ी, प्रदर्शन

## लोगों का आक्रोश देख प्रशासन ने आनन-फानन नई प्रतिमा लगवाई, पुलिस ने एक को हिरासत में लिया

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- कोतवाली क्षेत्र के पाला गांव में हुई घटना
- पुलिस ने दर्ज की अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**अमृत विचार।** अराजकतत्वों ने आंबेडकर प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे गुस्साए लोगों ने प्रदर्शन किया और नई प्रतिमा लगवाने की मांग की। प्रशासन ने तुरंत नई प्रतिमा लगवाकर लोगों को शांत कराया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के साथ सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गांव के ही एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के पाला गांव में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित थी। गुरुवार देर रात किसी अराजक तत्व ने प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। सुबह गांव के लोगों को जानकारी हुई तो रोष हो गया और मौके पर भीड़ जुटना शुरू हो गई। घटना की जानकारी होते ही कोतवाल जेपी गंगवार पुलिस बल के साथ पहुंच गए और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। लोग आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर घटना के खुलासे को लेकर मांग करने लगे। माहौल बिगड़ता देख एएसपी संसार सिंह, छिबरामऊ सदर सीओ ओमकार शर्मा, सदर कोतवाल दिग्विजय सिंह, ठठिया थानाध्यक्ष किशनपाल, इंदरगढ़ थानाध्यक्ष आनंद कुमार मिश्रा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। एएसपी ने सभी लोगों को शांत कराया और रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए। प्रशासन ने आनन फानन औरैया जनपद के अजीतमल से बाबा साहेब की नई प्रतिमा मंगवाकर लगवा दी। इसके बाद एएसपी समेत सभी पुलिस अधिकारियों व लोगों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बाबा साहेब समिति की अध्यक्ष पाला गांव निवासी शशिप्रभा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।



नई प्रतिमा स्थापित होने के बाद माल्यार्पण करते लोग। अमृत विचार

### शाहनगर में प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने की सूचना से हड़कंप

**तिर्वा, कन्नौज।** पाला के बाद एक और आंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त होने की जानकारी पर हड़कप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे सही कराया। थाना इंदरगढ़ के शाहनगर गांव के बाहर लगी बाबा साहेब की प्रतिमा की अंगुली क्षतिग्रस्त होने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस ने प्रतिमा की अंगुली सही करा दी। थानाध्यक्ष आनंद कुमार मिश्रा ने बताया कि ग्रामीणों ने पहले सूचना दी कि प्रतिमा की अंगुली तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। मौके पर जाकर पूछताछ में जानकारी मिली कि दो साल पहले अंगुली टूटी थी तब सही करा दी गई थी। वह अंगुली फिर अलग हो गई। उसे सही कराकर प्रतिमा को रंगवाकर उसकी साफ सफाई करा दी।

### कोतवाल ने लिया बाबा साहब की प्रतिमाओं का जायजा

**कन्नौज।** तिर्वा में आंबेडकर की प्रतिमा तोड़े जाने के बाद पुलिस महकमा जाग गया। शुक्रवार को सदर कोतवाली प्रभारी दिग्विजय सिंह ने तिर्वा से लौटने के बाद सदर कोतवाली क्षेत्र में लगी डॉ. भीमराव अंबेडकर की किन-किन स्थानों पर मूर्तियां लगी है इनकी सूची निकलवाई। इसके बाद पुलिस बल के साथ शहर की प्रतिमाओं की जांच की। इनकी देखरेख करने वाले लोगों को बुलाकर प्रतिमा की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। कहा कि किसी तरह की दिक्कत हो तो इस की जानकारी पुलिस को दें। सांप्रदायिक सौहार्द खराब करने वालों को जेल भेजा जायेगा।

## मारपीट में महिला सहित तीन घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अलग-अलग स्थान पर मारपीट की घटनाओं में महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। पीड़ितों ने कोतवाली में आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। कस्बा समधन में मोहल्ला दारा सराय समधन निवासी यामीन पुत्र शहनूर खां ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि आठ अप्रैल की शाम लगभग 06:45 बजे मकान के विवाद को लेकर मोहल्ले के सगीर पुत्र हकीम, शादाब व मुद्दसिर पुत्रगण सगीर व नावेद पुत्र मुईद ने उसके दरवाजे पर आकर गालीगलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। ग्राम अनौगी धुखरी निवासी संजीव पुत्र प्रेमचन्द्र ने बताया कि तीन अप्रैल की शाम करीब पांच बजे वह ग्राम बहेलियानपुरवा में आइसक्रीम बेंच रहा था। गांव के विनोद व उसकी पत्नी गीता देवी ने आइसक्रीम खरीदी और पैसे देने से मना कर दिया। जब उसने पैसे मांगे तो मारपीट कर घायल कर दिया।

## सार-संक्षेप



यूपी 112 के कर्मचारियों को निर्देश देते एसपी अमित कुमार आनंद। अमृत विचार

### एसपी ने पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की ली सलामी

**कन्नौज।** एसपी अमित कुमार आनंद ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक परेड की सलामी ली। शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिस जवानों को दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई गई। पुलिस अधीक्षक ने दंगा नियंत्रण उपकरणों के सम्बन्ध में प्रशिक्षण व शस्त्र चलाने तथा शस्त्र खोलने व बन्द करनें एवं साफ-सफाई के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश दिये। पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर उपलब्ध समस्त आपातकालीन उपकरणों को चलवाकर चेक किया। प्रभारी यूपी 112 को निर्देशित किया कि पीआरवी वाहनों व उसके उपकरणों की नियमित चेकिंग करें। एसपी ने पुलिस लाइन निरीक्षण के दौरान जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय, शस्त्रागार, बैरक, भोजनालय, लॉन टेनिस ग्राउंड व परिवहन शाखा, कन्ट्रोल रूम, आरओ आईपी, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम, यूपी 112 आदि को चेक किया। गार्द कमांडरों के रजिस्टरों की चेकिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक, यातायात प्रभारी व अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



एफएफडीसी में जानकारी लेते पीपीएन कॉलेज कानपुर के छात्र-छात्राएं।

### पीपीएन कॉलेज के विद्यार्थी पहुंचे एफएफडीसी

**कन्नौज।** पीपीएन कॉलेज कानपुर के छात्र-छात्राओं का दल शुक्रवार को एफएफडीसी कन्नौज पहुंचा। यहां उन्होंने प्रधान निदेशक डॉ. शक्ति विनय शुक्ल से मिलकर कन्नौज के इत्र उद्योग को लेकर जानकारी ली। इसके साथ ही यहां चल रहे प्रयोगात्मक कार्यों को भी देखा। क्षेत्रीय भ्रमण कर यहां उगाई जा रही सुगंधित फसल को लेकर भी जिज्ञासा शांत की। छात्र-छात्राओं ने अपने कॅरियर को लेकर इत्र उद्योग में संभावनाएं तलाशीं। डॉ. शुक्ल ने बताया कि दल को काफी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं गईं। बताया गया कि किन वनस्पतियों से सुगंधित तेल निकाले जाते हैं और कैसे। यहां आकर दल में शामिल छात्र-छात्राओं ने मिली जानकारियों से संतुष्टि जताई।



प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा अनन्या को साइकिल देते प्रबंधक दिनेश गुप्ता।

### विद्यालय के मेधावियों को दिए गए पुरस्कार

**सौरिख, कन्नौज।** आशा देवी इंटर कॉलेज सौरिख में टॉपर छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय में प्रथम स्थान पाने वाली छात्रा अनन्या सिंह को विद्यालय की ओर से एक रेंजर साइकिल पुरस्कार में दी गई। द्वितीय स्थान पाने वाले छात्र प्रसून पाठक को कूलर तथा तृतीय रही छात्रा शौर्या सिंह को ओवन पुरस्कार के रूप में दिया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक दिनेश गुप्ता ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रदीप दुवे, शिवकुमार तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



जला हुआ खेत देखते तहसीलदार।

### तारों से निकली चिंगारी, 17 बीघे फसल राख

**तिर्वा, कन्नौज।** बिजली के तारों में स्पार्किंग से निकली चिंगारी ने तैयार खड़ी फसल जलाकर नष्ट कर दी। जानकारी पर पहुंचे तहसीलदार ने नुकसान को देखकर किसान को आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। थाना ठठिया के सुखी गाव निवासी मोनू व आशीष मिश्रा का 17 बीघा खेत है। इसमें कन्हईपुर्वा गांव निवासी विश्वनाथ पुत्र गिरधारी ने गेहूं की फसल तैयार की थी। फसल को किसान काटने वाला था। शुक्रवार की शाम के समय चली तेज हवा के दौरान खेत के पास से निकले बिजली के तार आपस में टकराने लगे। इनमें हुई स्पार्किंग से निकली चिंगारी खड़ी गेहूं की फसल पर गिरने लगी। इससे फसल में आग लग गई और ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। यह देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीण उसे बुझाने का प्रयास करने लगे। ग्रामीणो ने दमकल को सूचना दी। जब तक दमकल टीम पहुंची तब तक खड़ी फसल जलकर नष्ट हो गई। जानकारी पर तहसीलदार अवनीश कुमार व लेखपाल अजीत दुबे ने मौके पर पहुंच कर किसान को धैर्य बधाते हुए दैवी आपदा के तहत आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।



अधिशाषी अभियंता को ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला।

### बिजली समस्या को लेकर भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन किसान के जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला ने शुक्रवार को विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता रविंद्र कुमार को किसानों की विद्युत संबंधी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस पर अधिशासी अभियंता ने किसानों को सिंचाई के लिए दिन में आठ घंटे बिजली दिए जाने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर पुनीत दुबे, अभिषेक पाठक, सनी शाक्य, शांतनु यादव, कल्पेंद्र शाक्य, भूपेंद्र कुमार, अरुण सैनी, त्रिलोकी, विकास तिवारी, अरुण कुमार, तरुण त्रिपाठी, सनी शाक्य, जितेन्द्र शर्मा, राजपाल, अवधेश, विजय कुमार, सुखदेव, बबलू ठाकर, प्रभात शुक्ल, जितेन्द्र, प्रेमचन्द्र, लालचन्द्र सिंह व सुबीन मौजूद रहे।

## एक नजर

### डीसीएम की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मोहल्ला विरतिया निवासी सोनू दुबे नंबरदार पुत्र विजय शंकर शुक्रवार को सौ शैय्या अस्पताल की तरफ जाने के लिए जीटी रोड क्रॉस कर रहा था। तभी डीसीएम की टक्कर से सोनू घायल हो गया। उसे सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया गया। यहां कुछ देर चले प्राथमिक उपचार के दौरान हालत में सुधार न देख डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर चिकित्सा महाविद्यालय के लिए रेफर कर दिया गया।

### किशोर घर से भागा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** प्रेमपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम मानपुर निवासी सुमन ने बताया कि बुधवार की शाम लगभग 7 बजे उनके 16 वर्षीय पुत्र अजय यादव को पिता महेश यादव ने पीट दिया था, जिसे नाराज होकर वह कहीं चला गया। उसने गुरुवार को शिवराजपुर निवासी किसी अज्ञात व्यक्ति के फोन से बात की थी। जब परिजन वहां पहुंचे, तो तब तक वह कहीं और चला गया।

# बड़ों पर रहम, छोटों की कटवाई फसल

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** तहसील प्रशासन ने तीस बीघा सरकारी जमीन पर कंबाइन चलवाकर फसल कटवा ली। उधर पल्यौरा में करीब हजार बीघे में खड़ी फसल को कटवाने की बात तो कही लेकिन कार्रवाई आगे नहीं बढ़ी। साफ है कि बड़ों पर रहम और छोटों पर कार्रवाई का फंडा है।

तहसील क्षेत्र के पल्यौरा गांव में एक हजार बीघे से अधिक भूमि पर दबंग कब्जेदारों ने तीसरी बार फसल तैयार की है। इससे पहले पिछले सालों में लगातार तीन बार प्रशासन फसल कटवाकर नीलामी कराकर जमीन को कब्जा मुक्त कराता रहा। इस साल भी यहां गेहूं की फसल तैयार की गई है। पिछले साल प्रशासन ने तिजलापुर मे पड़ी चारागाह की जमीन फसल कटवाकर खाली कराई थी।



तिजलापुर में फसल कटवाते प्रशासनिक अधिकारी। अमृत विचार

- तिजलापुर में प्रशासन ने की कार्रवाई, पल्यौरा के कब्जेदारों को छोड़ा

तिजलापुर मे करीब 30 बीघे जमीन पर तहसील प्रशासन ने गुरुवार को कंबाइन मशीन चलाकर फसल को कटवा ली। उधर, पल्यौरा में करीब एक हजार बीघे से अधिक जमीन पर फसल तैयार है और प्रशासन इसे कटवाने का अल्टीमेटम दे चुका है। प्रशासनिक कार्रवाई से बेखौफ दबंग किसान फसल काटने में जुटे हैं तो प्रशासन कोई कार्रवाई नही कर रहा। तहसीलदार अवनीश कुमार ने बताया कि सरकारी जमीन पर खड़ी फसल को कटवाकर कब्जा मुक्त जल्द ही कराया जाएगा।

# पात्र गृहस्थी को प्रति यूनिट एक किलो गेहूं ही मिलेगा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- आज से 29 अप्रैल तक होगा कोटेदारों के यहां खाद्यान्न का वितरण

**अमृत विचार।** अप्रैल के खाद्यान्न का वितरण आज यानि 13 अप्रैल से शुरू होकर 29 तारीख तक चलेगा। पात्र गृहस्थी को प्रति यूनिट एक-एक किलोग्राम गेहूं ही मिलेगा। दो-दो किलोग्राम चावल व बाजरा दिया जाएगा। डीएसओ का दावा है कि सभी कोटेदारों नई मशीनें इंस्टॉल कर दी गईं हैं, उससे ही राशन वितरण होगा।

डीएसओ राजीव मिश्र ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत आवंटित खाद्यान्न का वितरण निशुल्क होगा। अंत्योदय कार्डधारकों को 14-14 किलोग्राम गेहूं व चावल और सात किलोग्राम बाजरा (कुल 35 किलो खाद्यान्न) प्रति कार्ड मिलेगा। पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट कुल पांच किलो खाद्यान्न में प्रत्येक यूनिट पर एक किलो गेहूं, दो-दो किलो चावल व बाजरा मिलेगा। डीएसओ का कहना है कि 29 अप्रैल को अंतिम दिन मोबाइल ओटीपी के जरिए वितरण होगा। आज से ही पोर्टबिलिटी के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा रहेगी। वितरण को पारदर्शी बनाने के लिए प्रत्येक उचित दर दुकान पर ई-पॉश से लिंक ई-वेईंग स्केल सुबह छह से रात नौ बजे तक काम करेगी। सभी उचित दर दुकानों पर पर्यवेक्षक/ नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है।

# किशोरी से दुष्कर्म करने का आरोपी गया जेल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** दुष्कर्म के बाद किशोरी ने बच्चे को जन्म दिया जिसकी कुछ समय बाद मौत हो गई। मामले में पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। वहीं जिला अस्पताल में भर्ती किशोरी से बाल संरक्षण अधिकारी ने हालचाल लिया।



दुष्कर्म का आरोपी।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में सात माह पहले शादी कार्यक्रम में खाना बनाने गये युवक ने किशोरी के भाई से दोस्ती की और रात उसके घर में सो गया। उसी दौरान किशोरी से दुष्कर्म किया। इससे वह गर्भवती हो गई तो घटना का पता चला। जिला अस्पताल में प्रसव के दौरान बच्चे की मौत हो गई। मामले में पीड़िता के पिता की तहरीर पर गांव मवई निवासी युवक संजीव सक्सेना पुत्र वीरपाल सक्सेना के खिलाफ धारा 376 भादवि 4(2) पाक्सो एक्ट व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। मामले में सीओ सदर कमलेश कुमार के निर्देशन में सदर कोतवाली प्रभारी दिग्विजय सिंह, दरोगा सुभाष चंद्र, सिपाहीअवनीश कुमार ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद शुक्रवार को जेल भेज दिया। उधर घटना के बाद पुलिस ने जांच तेज कर दी है।

## आटो चालकों ने लगाया जाम

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बस चालकों के सवारियां भरने के विरोध के चलते आटो चालकों ने छिबरामऊ-सौरिख रोड पर जाम लगा दिया और बस चालकों परिचालकों के साथ गालीगलौज की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आटो चालकों को लाठियां पटककर जाम खुलवा दिया। बस चालकों व परिचालकों ने ऑटो में सवारियां भरने का विरोध किया। इस कारण आटो चालकों ने सौरिख रोड पर ब्राहिमपुर के सामने जाम लगा दिया और बस चालकों परिचालकों से अभद्रता की। मौके पर पहुंची पुलिस ने आटो चालकों को लाठियां पटककर जाम को खुलवा दिया। नेशनल मोटर यूनियन के अध्यक्ष देवू गुप्ता ने बताया कि छिबरामऊ-सौरिख विधूना रोड पर 26 परमिट सरकार ने जारी किए हैं।

# शिवमोहन ही रहेंगे प्रभारी प्रधानाचार्य

खबर का असर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- संयुक्त शिक्षा निदेशक ने 15 मार्च 2018 का आदेश प्रभावी रहने का जारी किया पत्र

**अमृत विचार।** राजकीय हाईस्कूल भंवरगाढ़ा के प्रधानाध्यापक शिवमोहन सिंह कुशवाहा के पास पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज फतेहपुर जसोदा के प्रभारी प्रधानाचार्य का अतिरिक्त प्रभार बना रहेगा। संयुक्त शिक्षा निदेशक ने इसका आदेश भी जारी कर दिया है। चार्ज छिनने के बाद छात्र-छात्राएं बिलख-बिलख कर रोए थे। कलक्ट्रेट पहुंचकर प्रभारी प्रधानाचार्य को न हटाने की बात रखी थी। इस मामले को आपके लोकप्रिय समाचार पत्र अमृत विचार ने भी 22 मार्च को प्रमुखता से प्रकाशित किया था।



प्रभारी प्रधानाचार्य को हटाया गया तो फूट-फूटकर रो पड़े बच्चे

22 मार्च को प्रकाशित खबर।

बताया गया है कि कानपुर मंडल के संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज द्विवेदी ने माध्यमिक शिक्षा निदेशक महेंद्र देव के पत्र का हवाला देते हुए कहा है कि शिवमोहन सिंह कुशवाहा के प्रभारी प्रधानाचार्य की जिम्मेदारी वाला आदेश 15 मार्च 2018 को जारी हुआ था, वह अग्रिम आदेशों तक प्रभावी रहेगा। इसका कारण फतेहपुर जसोदा में प्रधानाचार्य पद पर सीधी तौर पर नई तैनाती न होना है। पत्र में कहा गया कि छात्रहित/ जनहित में प्रभारी प्रधानाचार्य पद पर कुशवाहा को संबंद्ध रखा जाएगा। भरोसेमंद सूत्रों की मानें तो चार्ज हटने का मामला शिक्षा निदेशक के पास पहुंचा था। उसमें बताया गया है कि फतेहपुर जसोदा के पहले शैक्षिक सत्र 2018-19 में 222 छात्र-छात्राओं के नामांकन हुए थे, जो 2023-24 में 700 के करीब पहुंच गए। इस दौरान प्रभारी प्रधानाचार्य की जिम्मेदारी शिवमोहन कुशवाहा ने निभाई। 15 मार्च 2024 को प्रभारी प्रधानाचार्य का प्रभार उसी विद्यालय के प्रवक्ता विष्णुकांत गुप्ता को दे दिया गया। जानकारी होने पर छात्र-छात्राएं खूब रोए थे। कई अभिभावकों ने भी नए आदेश का विरोध किया था। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने भी पत्र जारी किर संयुक्त शिक्षा निदेशक के आदेश का पालन करने को कहा है।

दिक्कत — विभागीय कर्मचारी भी परेशान, सरकार की योजना का लाभ नहीं ले पा रहे किसान

# विभाग के पोर्टल में खामी, कैसे सुधरें नलकूप के बिजली बिल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- मीटर की रीडिंग भरते ही बिल निकल रहा लाखों में
- 1000 से अधिक रीडिंग नहीं आनी चाहिए

**अमृत विचार।** बिजली विभाग का पोर्टल मखौल बन गया है। किसान के निजी नलकूप की रीडिंग भरते ही लाखों का बिल आता है। विभाग व किसान इससे परेशान हैं, इसीलिए छूट का लाभ लेने से किसान कतरा रहे हैं।

प्रदेश सरकार के चुनावी वादे, किसानों के निजी नलकूप का बिल माफ करने का लाभ निजी नलकूपधारक किसान नहीं ले पा रहे हैं। कारण यह कि विभाग ने उनके लिये कई शर्तें रख दी हैं। इनको पूरा करने में किसानों के पसीना छूट रहा है। इसमें किसानों को नलकूप का बिल माफ कराने के लिये सबसे पहले मार्च 2023 तक का बिल पहले जमा करना होगा। इसके बाद आवेदन कर मीटर लगवाना होगा। मीटर लगने के बाद 1000 से अधिक रीडिंग नहीं आनी चाहिये। यदि इससे अधिक रीडिंग आती है तो उसका बिल किसान को हर तीसरे माह रीडिंग निकलने के बाद चुकाना होगा। कई शर्तें और उनका पालन करने के लिये किसान तैयार हैं। इसके बाद भी बिजली विभाग के पोर्टल ओरेकल में खामी किसानों के लिये रोड़ा बन रही है।

बिजली विभाग के सूत्र बताते हैं कि निजी नलकूप पर मीटर पहले से लगा है और किसान बिल जमा करने के लिये बिजली विभाग आता है तो रीडिंग भरते ही पुरानी रीडिंग को उठा कर पोर्टल लाखों में बिल निकाल देता है। इससे किसान परेशान हो जाता है। खास बात तो यह है कि इस पोर्टल में रीडिंग सुधार का कोई विकल्प नहीं है। इससे कई किसानों के बिल ठीक ही नहीं हो पाते। पोर्टल पर केवल उन कनेक्शन धारकों को लाभ मिलता है जो मार्च 2023 तक के बिल जमा करने आते हैं। वह अपनी जमा की रसीद लेकर पहुंचते और अपना बिल चुका देते। इसके बाद मीटर लगाने का आवेदन कर देते हैं।



बिजली दफ्तर में निजी नलकूप का बिल सही कराने के लिए बैठा किसान।

### 17363 निजी नलकूप, 2300 के लिए नए मीटर का आवेदन

बिजली विभाग की निजी नलकूपों पर कई शर्तें लगी होने से अब तक 2300 किसानों ने पूरा बिल जमा कर मीटर लगवाने के लिये आवेदन किये हैं। जिले में 17363 निजी नलकूप हैं। किसान रामकृपाल का कहना है कि सरकार ने किसानों के निजी नलकूप की बिजली माफ करने की बात कही थी। अब कई शर्तें लग जाने से किसान भटक रहा है। इसीलिए योजना का लाभ निजी नलकूपधारक नहीं ले रहा है।

> छूट का लाभ लेने के लिये आने वाले निजी नलकूप कनेक्शन धारक किसानों की समस्या का निदान किया जा रहा है। किसानों के बिल की छटनी कर उनको लाभ दिया जा रहा है। पोर्टल की खामी को दूर किया जा रहा है। -मगन सिंह (अधिशाषी अभियंता विद्युत कन्नौज)



फाल्ट के बाद जलती रबरयुक्त तार।

## गर्मी शुरू होते ही दगा देने लगी रबरयुक्त केबल

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** दो माह पहले डाली गई रबरयुक्त केबल गर्मी की शुरुआत होते ही दगा देने लगी है।

बिजली चोरी रोकने के साथ लोगो को बिजली संकट का सामना न करना पड़े इसके लिए विभाग द्वारा अंडरग्राउंड केबल की व्यवस्था की गई। इसके बाद भी कस्बे के गांधी चौराहा पर उपभोक्ताओं को सही सप्लाई देने के लिए रबर युक्त केबल डाली गई। यह केबल काफी पुरानी होने कारण उसमें आए दिन फाल्ट आ रहे थे। इससे कर्मचारियों के साथ उपभोक्ताओं को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए बिजली विभाग ने दो माह पहले नई रबर युक्त केबल डालवा दी। मुख्य गांधी चौराहा पर पड़ी नई केबल भी गर्मी के चार रोज बर्दाश्त नही कर सकी। गुरुवार की शाम को अचानक केबल जलने लगी और टूट कर नीचे गिर पड़ी। बिजली कर्मचारियों ने आनन फानन उसे सही कराकर आपूर्ति सही कराई। एसडीओ कुलदीप राजपूत ने बताया कि कस्बे का लोड अधिक होने से फाल्ट हुआ है।

# आत्महत्या करने वाली शिक्षिका को भी चुनाव की जिम्मेदारी!

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- तालग्राम विकास खंड क्षेत्र में तैनात रही अभिरुचि शुक्ला ने 11 मार्च को फंदा लगाकर दे दी थी जान
- चार साल से गैरहाजिर चल रहे शिक्षामित्र को भी मतदान अधिकारी की ड्यूटी

**अमृत विचार।** 13 मई को होने वाले लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में मृतकों की भी ड्यूटी लगा दी गई है। मतदान कार्मिकों की जारी हुई सूची में खामियां खुलकर सामने आ गईं हैं। कहीं-कहीं एक कर्मी की दो-दो ड्यूटी लगाई गईं हैं तो कई साल से लापता शिक्षामित्र को भी चुनाव कराने की जिम्मेदारी मिली है। 18 अप्रैल से शुरू होने वाले पहले प्रशिक्षण के लिए जब कार्मिकों की सूची आई तो लापरवाही साफ नजर आ रही है। अब ऐसी गलतियों को संबंधित विभाग सुधारने में लगे हैं।

ब्लॉक तालग्राम क्षेत्र में सहायक अध्यापक पद पर तैनात रही अभिरुचि शुक्ला ने 11 मार्च को सरायमीरा कन्नौज में किराए के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी थी। पहले रेंडमाइजेशन में जो प्रथम प्रशिक्षण की सूची आई है उसमें मृतक शिक्षिका का भी नाम है।

बेसिक शिक्षा महकमे को जब इसकी जानकारी हुई तो अब ड्यूटी कटाने की मुहिम शुरू हो गई है। इसी तरह टिकुरियापुर्वा के शिक्षामित्र श्रवण कुमार वर्ष 2020 से गैरहाजिर चल रहे हैं। उनको भी मतदान अधिकारी बना दिया गया है। कई शिक्षकों, शिक्षामित्र व अनुदेशकों की दो-दो ड्यूटियां आ गईं हैं।

एक ड्यूटी प्राप्त होने के बाद दूसरी भी जारी कर दी गई। कहा जा रहा है कि एक व्यक्ति मतदान की दो-दो ड्यूटी एक ही दिन में कैसे कर सकता है। जो शिक्षिकाएं प्रसूति अवकाश पर चल रहीं हैं, उनको भी लोकसभा क्षेत्र का चुनाव कराने का प्रशिक्षण लेने की ड्यूटी जारी हो गई है।


चुनाव ड्यूटी की सूची तैयार करते बेसिक शिक्षा कार्यालय के कर्मचारी।

### खामियों को तलाश कर विभाग छंटनी करने में जुटा

- बेसिक शिक्षा विभाग के पास ऐसे लोगों की जानकारी पहुंची है, जिनकी दो-दो ड्यूटी, मृतकों को चुनाव की जिम्मेदारी या गैरहाजिर चल रहे कर्मियों को भी चुनाव प्रशिक्षण लेने का आदेश जारी हुआ है। इसके अलावा पद के हिसाब से भी ड्यूटी जारी नहीं हुई हैं। अब विभाग के कर्मचारी इन ड्यूटी को एकत्र कर सूची बना रहे हैं। बताया गया है कि उच्चाधिकारियों के पास रिपोर्ट भेजी जाएगी और गलतियों को दूर कराया जाएगा।

## एक नजर

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां भी करेंगी गांव-गांव जागरूक

**कन्नौज।** प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा ने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी व मुख्य सेविकाओं को जारी किए पत्र में कहा है कि लोकसभा क्षेत्र कन्नौज में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान चल रहा है। 15 अप्रैल को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक व कंपोजिट स्कूलों में अभिभावक, शिक्षक (पीटीएम) की बैठक होगी। इसमें सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री, बीएलओ कम से कम 15 गर्भवती, गर्भधात्री व किशोरियों के साथ बैठक में शामिल होंगी। साथ ही 10 से 30 अप्रैल तक घर-घर स्वास्थ्य विभाग के साथ चलने वाले दस्तक अभियान में आशा बहुओं के साथ गृह भ्रमण किया जाएगा। कार्यक्रमों में लाभार्थियों व ग्रामीणों को शपथ दिलाकर 13 मई को वोट जरूर करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। ब्लॉक या स्थानीय स्तर के अधिकारियों व कर्मचारियों ने अगर लापरवाही बरती गई तो कार्रवाई की जाएगी।

### संविदाकर्मी बनेंगे मतदान अधिकारी तृतीय

**कन्नौज।** एक पोलिंग पार्टी में पीठासीन अधिकारी समेत कुल चार मतदानकार्मिक होते हैं। इसमें मतदान अधिकारी तृतीय की जिम्मेदारी संविदाकर्मी भी निभाएंगे। कर्मचारी कम होने की वजह से ऐसा किया गया है। सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने बताया कि करीब 600 सरकारी कर्मचारी कम पड़ने की वजह से मतदान अधिकारी तृतीय पद पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, पंचायत सहायक समेत अन्य संविदा कर्मियों को लोकसभा क्षेत्र के चुनाव की ड्यूटी में लगाया गया है। बताया गया है कि करीब 450 पंचायत सहायक ग्राम पंचायतों में तैनात हैं। 1400 के करीब आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां भी हैं। दूसरी ओर अगर निर्वाचन विभाग के आंकड़े पर गौर करें तो 2593 कर्मियों को मतदान अधिकारी तृतीय की जिम्मेदारी दी गई है जो 1519 बूथों के सापेक्ष 170 फीसदी है। कुल 9736 कर्मचारियों की ड्यूटी पोलिंग पार्टियों के लिए लगाई गई है। इसमें 2311 पीठासीन अधिकारी, 2259 मतदान अधिकारी प्रथम, 2573 मतदान अधिकारी द्वितीय और 2593 मतदान अधिकारी तृतीय शामिल हैं। नियम मुताबिक पहला रेंडमाइजेशन न्यूनतम 130 फीसदी पर होता है जो 150 से 170 प्रतिशत तक गया है।

# ईवीएम का विधानसभा क्षेत्रवार आवंटन आज

## निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रेक्षक की मौजूदगी में होगा रैंडमाइजेशन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए ईवीएम का विधानसभा क्षेत्रवार पहला रैंडमाइजेशन आज होगा। शनिवार को ईवीएम को विधानसभा क्षेत्रवार आवंटन किया जाएगा, जिसमें प्रेक्षक के अलावा जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया एनआईसी कार्यालय आनलाइन तरीके से की जाएगी, जिसकी एक-एक प्रति पार्टियों को दी जाएगी।

चुनाव को पारदर्शी और निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने ईवीएम का दो बार रैंडमाइजेशन कराने का निर्णय लिया है। जिला सहायक निर्वाचन अधिकारी बिनीत कुमार कटियार ने बताया कि 13 अप्रैल को एनआईसी कार्यालय में ईवीएम का पहला रैंडमाइजेशन होगा, जिसमें बीयू, सीयू और वीवीपैट को जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए आवंटित किया जाएगा। इस दौरान निर्वाचन आयुक्त द्वारा नियुक्त प्रेक्षक संदीप कुमार, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफीसर शुभ्रांत कुमार शुक्ल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह के साथ दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। नामांकन प्रक्रिया 18 अप्रैल से 26 अप्रैल के मध्य होगी और 29 अप्रैल को यह निर्धारित हो जाएगा कि कितने प्रत्याशी मैदान में हैं। इसके बाद बैलेट पेपर छपवाया जाएगा और तीन मई को दूसरा रैंडमाइजेशन होगा, जिसमें बीयू, सीयू व वीवीपैट को बूथवार आवंटित किया जाएगा।

### प्रत्याशी अधिक तो लगेंगीं दो ईवीएम

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एक ईवीएम के बैलेट यूनिट में नोटा समेत अधिकतम 16 प्रत्याशी फीड हो सकते हैं। यदि इससे अधिक प्रत्याशी हुए तो दो ईवीएम लगानी पड़ सकती हैं। ऐसे में दो ईवीएम का बूथवार रैंडमाइजेशन किया जाएगा। नाम वापसी के बाद जितने प्रत्याशी मैदान में रहते हैं, उसी आधार पर बैलेट पेपर छपवाए जाते हैं।



### जिले में ईवीएम की उपलब्धता

| ईवीएम | उपलब्धता | प्रशिक्षण में | मतदान हेतु | रिजर्व |
|---|---|---|---|---|
| बैलेट यूनिट | 2392 | 76 | 2316 | 458 |
| कंट्रोल यूनिट | 2000 | 76 | 1924 | 91 |
| वीवीपैट | 2188 | 76 | 2112 | 237 |

### 71 हजार वोटरों को डाक से भेजे गए पहचान पत्र

**कन्नौज।** मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के बाद नए मतदाताओं के पहचान पत्र डाक से भेज दिए गए हैं। सभी पहचान पत्र रंगीन हैं। अभी करीब 25 हजार वोटर आईडी कार्ड और बनकर आने हैं। कुल 96 हजार पहचान पत्र बांटे जाएंगे।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने बताया कि पहले चरण में 56 हजार नए मतदाता पहचान पत्र बनकर आए थे, जिनको संबंधित तहसीलों में भेज दिया गया। उसके बाद 15 हजार पहचान पत्र और आ गए। उनको भी तीनों तहसीलों कन्नौज सदर, तिर्वा व छिबरामऊ में भेजा गया। इन्हीं तीनों नाम से जिले में विधानसभा क्षेत्र भी हैं। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी का कहना है कि तहसीलों से पहचान पत्र मतदाताओं के घर के पते पर डाक विभाग के जरिए भेजे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 12 हजार नए कार्ड और बनने हैं। इसके अलावा 13 हजार नाम-पता संशोधन वाले कार्ड भी बनकर आने हैं। सभी वोटर आईडी कार्ड रंगीन हैं। पंजीकृत डाक से भेजे गए पहचान पत्रों का वितरण पोस्टमैन के जरिए चल रहा है।

# पीठासीन अधिकारियों के लिए तैयार होने लगे निर्वाचन सामग्री के पैकेट

**मतदान की तैयारी**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जिला प्रशासन जुट गया है। चुनाव में पीठासीन अधिकारियों को दिया जाने वाला बैग तैयार होने लगा है, जिसमें निर्वाचन आयोग के विभिन्न प्रारूप और अभिलेखों को शामिल किया गया है। चुनाव सामग्री को विधानसभा क्षेत्रवार तैयार किया जा रहा है, जिन्हें मतदान से एक दिन पूर्व पीठासीन अधिकारियों को दिया जाएगा।

शुक्रवार को जिला निर्वाचन कार्यालय में पीठासीन अधिकारियों के लिए चुनाव सामग्री की पैकिंग का काम शुरू हो गया है। पहले चरण में विधानसभा क्षेत्र वार बूथों के अनुसार मोहरें और अन्य सामग्री रखी जा रही है। इसके बाद निर्वाचन आयोग से भेजे गए प्रपत्रों व प्रारूपों को क्रमवार लगाया जा रहा है, जिससे अभिलेखों को पूर्ण करने में पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारियों को कोई दिक्कत न हो। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कुमार कटियार ने बताया कि ईवीएम की एफएलसी (फर्स्ट लेवल चेकिंग) के बाद अब अभिलेखीय तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। चुनाव में पीठासीन अधिकारियों को निर्वाचन आयोग द्वारा कई प्रारूप दिए जाते हैं, जिन्हें भरना होता है।

इन सभी को बैग में क्रम वार लगाया जाएगा, जिससे उन्हें कोई परेशानी न हो। उन्होंने छिबरामऊ, तिर्वा व कन्नौज सदर विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग चुनाव सामग्री तैयार की जा रही है।


निर्वाचन कार्यालय में चुनाव सामग्री तैयार करते कर्मचारी। अमृत विचार

### इतने बैग तैयार हो रहे

| विधानसभा क्षेत्र | बैग | मतदान केंद्र |
|---|---|---|
| 196-छिबरामऊ | 547 | 346 |
| 197-तिर्वा | 487 | 398 |
| 198-कन्नौज सदर | 485 | 305 |
| योग | 1519 | 1049 |

- तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 1519 बूथों के लिए प्रपत्र व अभिलेखों की पैकिंग शुरू
- लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन, 13 मई को होगा मतदान

# ...तो समाजवादी पार्टी के मुखिया ही होंगे जिले से प्रत्याशी, घोषणा जल्द

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन की तिथि करीब है लेकिन समाजवादी पार्टी ने अब तक प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। ऐसे में पार्टी के लोगों में असमंजस की स्थिति है। अब पता चला है कि एक बार फिर से सपा मुखिया कन्नौज आने को हैं। इसके बाद ही वे अपनी प्रत्याशिता व नामांकन की तिथि भी घोषित करेंगे।

लोकसभा चुनाव 2024 में कन्नौज क्षेत्र भी खासा महत्वपूर्ण है। लंबे समय से वीआईपी की श्रेणी पर विराजमान रहा है तो इस बार भी सभी की नजर यहीं लगी है। इसका बड़ा कारण यह है कि सपा मुखिया अखिलेश यादव और सांसद सुब्रत पाठक में समय-समय पर शीतयुद्ध के हालात बनते रहे हैं। कई बार सुब्रत द्वारा उन्हें चुनाव लड़ने की चुनौती भी दी गई। यद्यपि सुब्रत एक चुनाव उनके खिलाफ लड़े भी थे लेकिन तब हार का सामना करना पड़ा था। पिछले वर्षों में हुई बयानबाजियों को लेकर पहले से ही माना जा रहा है और स्वयं अखिलेश ने संकेत भी दिए थे कि वे फिर से कन्नौज से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे।


अखिलेश यादव।

- आधिकारिक घोषणा न होने से समाजवादी पार्टी के लोगों में असमंजस की स्थिति
- समय-समय पर भाजपा सांसद सुब्रत पाठक के साथ चलता रहा है शीतयुद्ध

इधर दो दिन पहले सांसद का एक वीडियो वायरल होने की खबर है जिसमें उन्होंने कहा कि सपा कार्यकर्ता भइया (अखिलेश) के नाम पर डराने का प्रयास कर रहे हैं। अखिलेश जी खुद का नाम घोषित करने में पीछे हट रहे हैं। चार अप्रैल के बताए जा रहे इस वीडियो में वे यह भी कहते सुने जा रहे हैं कि भइया-भइया करके सपा के कार्यकर्ता इस तरह से डराने का प्रयास कर रहें, जैसे वो भइया न होकर भेड़िया हो गए हों। यह भी कहा कि वे अखिलेश, डिंपल व मायावती के खिलाफ एक साथ चुनाव लड़ चुके हैं। भइया आए रहे तो बुलाबौ, डराए काहै रहे। हालांकि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

हालांकि भाजपा से दो मार्च को मौजूदा सांसद सुब्रत पाठक को प्रत्याशी घोषित कर दिया गया था लेकिन अभी तक सपा के उम्मीदवार को लेकर कयासों का ही दौर जारी है। लगभग एक महीने से तमाम तरह की चर्चाएं सामने आईं। कभी तेज प्रताप, कभी रेखा वर्मा तो कभी धर्मेंद्र यादव का नाम सामने आया। दो अप्रैल को कन्नौज पहुंचे सपा मुखिया ने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया था। तब अधिकांश वक्ताओं ने मंच से उन्हें भारी बहुमत से जिताने की अपील की थी। अब भरोसेमंद सूत्रों से पता चला है कि दो से तीन दिन में वे कन्नौज आकर पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद अपनी प्रत्याशिता व नामांकन की तारीख घोषित कर सकते हैं।

### नए सत्र को लेकर प्रधानाचार्यों को पढ़ाया गया पाठ

**कन्नौज।** नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत हो गई है। माध्यमिक स्कूलों में क्या-क्या सुविधाएं होनी चाहिए। कक्षाएं किस तरह चलेंगी। छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। कुल 10 तरह के 24 बिंदुओं पर फोकस करने के निर्देश दिए गए हैं।

शुक्रवार को सहायता प्राप्त, राजकीय व वित्तविहीन विद्यालयों की अलग-अलग गूगल बैठक हुई। उसके बाद डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने कार्यवृत्त जारी किया। उसमें कहा है कि विद्यालय परिसर की साफ-सफाई कराई जाए। जर्जर कक्ष या भवन का प्रयोग न हो। विद्यार्थियों का कक्षाओं में शत-प्रतिशत नामांकन एवं चार सदन समूहों में विभाजित किया जाए। साथ ही विद्यालय में अध्यापकों व विद्यार्थियों की उपस्थिति रहे। प्रार्थना सभा में छात्र-छात्राएं सुविचार पेश करें। डीआईओएस ने कहा है कि विभिन्न समितियों का गठन किया जाएगा। शिक्षक डायरी व मासिक पाठ्यक्रम का विभाजन करने को कहा गया है। पुस्तकालय व ई-लाइब्रेरी के बारे में बताकर समाचार पत्र व पत्रिकाएं मुहैया कराई जाएंगी।

# बीमारी और हार्टअटैक से हुई शाहबाज की मौत

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** गुरुवार को ईद वाले दिन दो पक्षों के बीच जमकर पत्थरबाजी और मारपीट हुई। इस दौरान एक युवक की मौत होने का आरोप लगाया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी मौत बीमारी और हार्टअटैक से होने की पुष्टि हुई है। परिजनों ने मारपीट कर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी।

गुरुवार को सुबह 10 बजे के करीब हत्या के मुकदमे में पैरवी को लेकर बिरतिया मोहल्ले में दो पक्षों के बीच पथराव और मारपीट हुई थी। एक पक्ष का आरोप था कि मारपीट के दौरान शाहबाज उर्फ सब्बे गंभीर रूप से घायल हो गए और फर्रुखाबाद के निजी अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया था। इस पर शहजाद पुत्र मकबूल अहमद ने पुलिस को हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। कोतवाली प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने बताया कि शहबाज का पोस्टमार्टम तीन डाक्टरों के पैनल ने किया और उसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई। इसमें मौत का कारण बीमारी और हार्टअटैक आया है।


मृतक के घर के बाहर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

- ईद वाले दिन मारपीट से मौत का आरोप लगाकर पुलिस को दी थी तहरीर

**भारी पुलिस बल की मौजूदगी में हुआ अंतिम संस्कार :** अमृत विचार। शहबाज उर्फ सब्बे का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान बिरतिया मोहल्ले से लेकर कब्रिस्तान तक किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।

# नए सत्र में बच्चों को बांटी गई पाठ्य पुस्तकें, पोर्टल पर भी करें अपडेट

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** खंड शिक्षा अधिकारी रमेशचंद्र चौधरी ने शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय डायट से पुस्तक वितरण का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को शीघ्र पुस्तकों का वितरण कर प्रेरणा पोर्टल पर भी अपडेट किया जाए। बच्चों को कार्यक्रम के अनुसार शिक्षण कार्य कराया जाए। जिन स्कूलों में निर्वाचन बूथ बने हैं वह कमियों को दूर कर लें। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनूप मिश्रा, एआरपी कुलदीप यादव, संजीव सिंह, राहुल पाठक, निर्मोद कुमार, प्रधानाध्यापक अरुणा यादव, आरती गुप्ता, विनीता यादव, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।


छात्रों को पुस्तक देते खंड शिक्षा अधिकारी रमेश चौधरी। अमृत विचार


कथा का श्रवण करते श्रोता और इनसेट में कथा व्यास। अमृत विचार

### भक्तों की पुकार सुनकर अवतार लेते प्रभु

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भगवान ने मनुष्य को जो दिया है उसका सदुपयोग करना चाहिए। अगर मनुष्य को भगवान की प्राप्ति हो गई तो जीवन का उद्देश्य पूर्ण हो गया। इसलिए मनुष्य को सदैव भगवान का सुमिरन करने रहना चाहिए। यह विचार शुक्रवार को सराय प्रयाग के ग्राम सूलनपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास घनश्याम पांडेय ने श्रोताओं के बीच प्रकट किए। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म की कथा का श्रवण कराया। इस दौरान बधाई गीत गूंजे। कहा कि दुष्टों के विनाश और भक्तों की रक्षा के लिए भगवान अवतार लेते हौं। भगवान भक्तों की पुकार पर सदैव आते है। सच्चे मन से की गई प्रभु की भक्ति कभी निष्फल नहीं जाती है। वैष्णव धर्म के अनुसार हमें भगवान की पूजा करनी चाहिए। सबसे अधिक ताकत हमारे गुरु के दिए मंत्र में होती है। इस दौरान परीक्षित सत्य मनोहर सिंह, हरि सिंह, राकेश चौहान, पंकज द्विवेदी, शिवम गुप्ता रहे।

**चतुर्थ नवरात्र** भोर पहर से ही देवी मंदिरों में दर्शन के लिए जुट रही श्रद्धालुओं की भीड़, सुरक्षा के लिए मंदिरों के बाहर पुलिस फोर्स रहा तैनात

# माता कूष्मांडा का किया पूजन, फूलों से किया श्रृंगार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** नवरात्र के चौथे दिन माता के भक्तों ने मां कूष्मांडा की पूजा-अर्चना कर मनौतियां मांगीं। शहर के देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। साथ ही शहर और देहात क्षेत्र के मंदिरों में मां दुर्गा के जयकारे गूंजे। लोगों ने घरों में भी माता की आराधना की। सिद्धपीठ माता फूलमती देवी का ताजे फूलों से मनमोहक श्रृंगार किया गया।

शुक्रवार को माता के चौथे स्वरूप मां कुष्मांडा की पूजा अर्चना की गई। ब्रह्ममुहूर्त से ही भक्तों ने अखंड जाप शुरू कर दिया और धूमधाम से पूजा की। शहर के क्षेमकली देवी मंदिर, गोवर्धनी देवी मंदिर, सिंहवाहिनी देवी मंदिर, अन्नपूर्णा देवी मंदिर, शीतला देवी मंदिर, काली दुर्गा मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही। साथ ही देवी मंदिरों में फूलों से श्रृंगार किया गया। आचार्य राजेंद्र किशोर द्विवेदी ने बताया कि मां की हंसी और ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण ही इन्हें कूष्मांडा देवी कहा जाता है, यही सृष्टि की आदि-स्वरूपा आदि शक्ति हैं। मां कूष्मांडा की पूजा अर्चना से सभी प्रकार के रोग और परेशानियां समाप्त हो जाती हैं।


सिद्धपीठ मां फूलमती देवी का किया गया फूलों से श्रृंगार। अमृत विचार

### सुहाग सामग्री अर्पित कर मांगा अखंड सौभाग्य

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के सौरिख रोड स्थित सिद्धपीठ मां कालिका देवी मन्दिर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने चौथे दिन मां कूष्मांडा का भव्य श्रृंगार कर पूजा अर्चना कर मनौतियां मांगी और प्रसाद ग्रहण कर भागवत के पाठ को सुन लाभ उठाया। भक्तों ने अखंड सौभाग्य मांगा। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर पर महिला पुलिस कर्मी भी तैनात रहीं। देर शाम महाआरती की गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बढ-चढ़ कर भाग लिया।

### सूर्य के समान हैं माता कूष्मांडा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** संतोषी माता मंदिर के महंत पंडित शिवसागर पांडेय ने बताया कि यह सृष्टि की आदिस्वरूपा हैं और आदिशक्ति भी। इनका निवास सूर्यमंडल के भीतर के लोक में है। सूर्यलोक में निवास करने की क्षमता और शक्ति केवल इन्हीं में है। कूष्मांडा देवी के शरीर की चमक भी सूर्य के समान ही है कोई और देवी देवता इनके तेज और प्रभाव की बराबरी नहीं कर सकते। माता कूष्मांडा तेज की देवी हैं।


महंत शिवसागर पांडेय।

# आचार संहिता के उल्लंघन पर सी-विजिल एप पर करें शिकायत

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति ने बताया की आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने पर सी विजिल एप पर शिकायत दर्ज करा सकते है।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्तमान में चल रहे लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं अन्य विभिन्न प्रकार की शिकायत करने तथा उसके निस्तारण हेतु आनलाइन सी-विजिल एप विकसित किया गया है। उक्त एप पर चुनाव की घोषणा के दिनांक से मतदान दिवस तक शिकायतकर्ता शिकायत अपलोड कर सकता है। सी-विजिल एप का प्रयोग करने हेतु स्मार्टफोन पर गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर अपना मोबाइल नम्बर डालकर ओटीपी के माध्यम से एप में लागिन कर शिकायत दर्ज की जा सकती है। सी-विजिल एप एक जी.आइ. एस. आधारित एप है जिसमें साक्ष्य के तौर पर केवल लाइव फोटो, वीडियो, आडियो ही अपलोड किया जा सकता है।

शिकायत अपलोड होने के उपरान्त 100 मिनट के अन्दर ही शिकायत के निस्तारण सम्बन्धित अधिकारी द्वारा उसी एप के माध्यम से सुनिश्चित करा दिया जायेगा। निस्तारण के पश्चात् विवरण शिकायतकर्ता के सी-विजिल एप पर स्वतः उपलब्ध हो जायेगा। उन्होंने सभी से अपील किया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सम्बन्ध में आनलाइन शिकायत हेतु आयोग द्वारा विकसित सी-विजिल एप का प्रयोग करें।

# आगरा में हुई दुर्घटना में फोटोग्राफर की मौत

**फर्रुखाबाद।** दोस्त के साथ आगरा जाते समय रास्ते में कार डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना में कार सवार फोटोग्राफर की मौत हो गई, जबकि चालक घायल हो गया। कंपिल थाना क्षेत्र के मोहल्ला पट्टी मदारी निवासी राजकुमार उर्फ डिंपल पांडेय मोहल्ला माझगांव निवासी उत्कर्ष वर्मा उर्फ मधुर के साथ लखनऊ गए थे। बीती रात दोनों लोग लखनऊ से आगरा जा रहे थे। फतेहाबाद के पास कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कार में सवार फोटोग्राफर राजकुमार उर्फ डिंपल की मौके पर मौत हो गई। जबकि उत्कर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। राजकुमार के परिजनों को पुलिस ने घटना की जानकारी दी। पत्नी रागिनी सहित परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

# देर से बोया गया गेहूं तेज धूप से बालियों में ही मुरझाया

चन्द्रपाल सिंह सेंगर, फर्रुखाबाद

**75** हजार हेक्टेयर से ज्यादा बुवाई का लक्ष्य

**18** हेक्टेयर भूमि पर गेहूं अधिक हुआ तैयार

- किसानों को झटका, सूख गया गेहूं के दाने का पानी, पैदावार घटकर हुई आधी



खेतों पर खड़ा पका गेहूं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आलू की फसल के लालच में समय निकल जाने के बाद बोया गया गेहूं तेज धूप के चलते मुरझा गया है। ऐसे किसानों को आलू में भले फायदा हुआ हो, लेकिन गेहूं में पैदावार आधी हो जाने से झटका लगा है।

बताते चलें कि तकरीबन एक सैकड़ा किसानों ने आलू की खुदाई के बाद करीब दो हजार हेक्टेयर भूमि पर गेहूं की फसल बोई थी। यह फसल जनवरी के महीने में बोने की वजह से मौजूदा समय में इसमें गेहूं का दाना पड़ रहा था और उस दाने में दूध आ रहा था। धूप की वजह से दाना सूख कर कमजोर हो गया है। जिससे किसानों को भारी घाटा पड़ रहा है।

प्रगति शील किसान नारद सिंह कश्यप बताते है कि आलू खोदने के बाद जिन खेतो में गेंहू बोआ जाता है, उनमें नमी रहना बहुत जरूरी है। एकाएक मौसम के परिवर्तन से हुई तेज धूप से गेंहू असमय पक गया। जिससे पैदावार पर भारी असर पड़ा है। उनका कहना है कि समय से बोया गया गेंहू अपने समय पर पका है। इससे उस पर मौसम की मार का दुष्प्रभाव नही पड़ा है। समय से बोए गए गेंहू में आमतौर पर प्रति बीघा 4 से 5 क्विंटल की पैदावार होती है। लेकिन जनवरी में बोए गए गेंहू की पैदावार घट कर 2 से 3 क्विंटल रह जाती है। इस बार गर्मी पड़ने से आलू खोदने के बाद बोए गए गेंहू का दाना बालियों में ही सूख गया है। इससे किसानों को भारी घाटा हुआ है। किसान नारद सिंह का कहना है कि किसानों को हर समय यह ध्यान रखना चाहिए कि आलू खुदाई के बाद वह दिसंबर तक गेहूं की बुवाई कर दे जिससे उसे धूप से बचाया जा सके। इस संबंध में जिला कृषि अधिकारी बृजेश कुमार सिंह का कहना है कि गेहूं की बुवाई का समय 1 नवंबर से 10 नवंबर तक होता है। जिन किसानों ने समय से गेहूं बो दिया उनके खेतों में गेहूं पूरी तरह से पैदावार दे रहा है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि इस साल 75,167 हेक्टेयर भूमि पर गेहूं पैदा करने का लक्ष्य दिया गया था। इसके विपरीत 75,185 हेक्टेयर भूमि पर गेहूं की फसल तैयार हुई। उनका कहना है कि उसमें गेहूं की बुवाई की वजह से कुछ आलू किसानों को जरूर घाटा हुआ है। जिला कृषि अधिकारी बीके सिंह बताते हैं की प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने से घाटा ही घाटा होता है।

उन्होंने कहा कि हर किसान को चाहिए कि वह समय से गेहूं की बुआई करे और यदि किसान आलू खोदने के बाद गेहूं बोना चाहता है तो वह दिसंबर महीने तक अवश्य बो दे। इसके बाद तेज धूप पड़ने लगती है जिसकी वजह से गेहूं का दाना बाल में ही सूख जाता है। पैदावार न के बराबर हो जाती है। उन्होंने कहा कि यहां भी कुछ किसानों ने आलू खोदने के बाद अपने खेतों में गेहूं बोया था। तेज धूप से उन पर कुछ विपरीत असर पड़ा है। समय से बोया गया गेहूं अच्छी पैदावार दे रहा है, जिसको लेकर किसान गदगद है।

# अनुपम की शिक्षिका पत्नी की बर्खास्तगी हाईकोर्ट से निरस्त

## बेसिक शिक्षा अधिकारी दोबारा करेंगे पूरे प्रकरण की जांच

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने माफिया अनुपम दुबे की शिक्षक पत्नी मीनाक्षी मिश्रा की बर्खास्तगी निरस्त करने के आदेश दिए हैं। वहीं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को दोबारा जांच करने के लिए कहा गया है। जांच छह हफ्तों में पूरी कर ली जाए। मगर विभागीय अधिकारी उच्च न्यायायलय के आदेश को दबाए बैठे हैं। जांच के बारे में भी कोई कुछ भी नहीं बता रहा है। सिर्फ यही कह रहे हैं कि न्यायालय के आदेश का पालन किया जा रहा है।

फतेहगढ़ के मोहल्ला कसरट्टा निवासी माफिया व बसपा नेता अनुपम दुबे हत्या के मामले में मथुरा जेल में बंद हैं। उसकी पत्नी मीनाक्षी मिश्रा बेसिक शिक्षा विभाग के नगर क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय



> कंपोजिट विद्यालय गाड़ीखाना की प्रधानाध्यापिका मीनाक्षी मिश्रा का बर्खास्तगी आदेश निरस्त नहीं है। हाईकोर्ट ने आदेश दिए हैं कि मीनाक्षी मिश्रा को सुनवाई के लिए एक मौका और देते हुए उनसे आरोप पत्र का अध्यावेदन ले लिया जाए। मीनाक्षी मिश्रा से हाईकोर्ट के निर्देशानुसार अध्यावेदन मांग लिया गया है, जिसकी जांच चल रही है।
>
> – **गौतम प्रसाद,** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, फर्रुखाबाद

गाड़ीखाना में प्रधानाध्यापिका के पद पर तैनात थीं। पति के जेल जाने के बाद उन्होंने प्रशासन पर कई आरोप लगाए थे, जिस पर वर्ष 2021 में उनको निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद भी वह लगातार जिला प्रशासन के खिलाफ बयानबाजी करती रहीं। नवंबर 2023 में उन्हें कर्मचारी नियमावली के विपरीत आचरण करने का दोषी पाते हुए बर्खास्त कर दिया गया था।

बर्खास्तगी के बाद मीनाक्षी मिश्रा ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। विभागीय सूत्रों ने बताया कि पांच मार्च 2024 को हाईकोर्ट ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को आदेश दिए कि मीनाक्षी मिश्रा के विरुद्ध किए गए विवादित आदेश (बर्खास्तगी) को निरस्त किया जाता है। इसके साथ ही याचिकाकर्ता को इसकी एक प्रति देने के बाद जांच रिपोर्ट को छह सप्ताह के भीतर समाप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। हाईकोर्ट के आदेश को विभागीय अधिकारी दबाए बैठे हैं।

# टेंपो की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र घायल

संवाददाता, शमशाबाद-फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शमसाबाद थाना क्षेत्र में टेंपो और बाइक में जोरदार भिड़ंत हो गई। बाइकसवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल पिता बेटे के साथ बाइक पर बैठकर दवा लेने जा रहा था।

यह हादसा नगला नान के पास हुआ। बालक राम (65) पुत्र रमेश निवासी गांव धोबियां नगला थाना कलान जनपद शाहजहांपुर के साथ फर्रुखाबाद दवाई लेने जा रहे थे। सामने से आ रहे टेंपो चालक अनीस निवासी बबना रोड नबाबगंज पास से गुजरा और पीछे के हिस्से में जाकर दोनों की भिड़ंत हो गई। बाइक सवार पिता पुत्र गंभीर घायल हो गए। बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। थाना पुलिस को सूचना दी घटनास्थल पर पहुंचे फैजबाग चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार ने घायलों को एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल भिजवाया और टेंपो चालक व क्षतिग्रस्त बाइक, टेंपो को अपने साथ शमशाबाद थाने ले आए।



घायल पिता-पुत्र को अस्पताल लाते लोग। अमृत विचार

# बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव रुखैया खाली दादपुर के पास बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक ग्रामीण की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

शमसाबाद थाना क्षेत्र के गांव रशीदपुर तराई निवासी 50 वर्षीय देवकी नंदन बेटी छाया की शादी के लिए लड़का देखने कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव भुलनापुर निवासी रिश्तेदार राम प्रसाद के साथ अपनी बहन बबली के गांव बेहटा मुरलीधर गए थे। वापस लौटते समय मेरापुर थाना क्षेत्र की चौकी अचरा के गांव रूखैया खालीदादपुर के पास गांव प्रहलादपुर निवासी विक्रम की बाइक से उनकी मोटरसाइकिल की सीधी भिड़ंत हो गई। बाइक चला रहे देवकीनंदन की मौके पर मौत हो गई। रिश्तेदार राम प्रसाद, विक्रम गंभीर रूप से घायल हो गए। विक्रम की बाइक पर बैठा साथी धनपाल मौके से भाग गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल रामप्रसाद व विक्रम को सीएचसी नवाबगंज में भर्ती कराया। वहां हालत गंभीर होने पर दोनों को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।



रोती-बिलखती परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

काश्तकार की मौत की सूचना पर बेटी छाया, अलका, बेटा अनुराग मौके पर पहुंचे। सभी दहाड़े मारकर रोने लगे। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बाइक फिसलने से गिरे युवक को ट्रक ने रौंदा, गई जान

थाना मऊ दरबाजा क्षेत्र में बाइक फिसलने से गिरे युवक की ट्रक के नीचे आ जाने से मौत हो गई। थाना क्षेत्र के ग्राम जनैया सठैया निवासी रूपलाल शाक्य का 36 वर्षीय पुत्र सदानंद करीब तीन बजे नाला बघार की ओर से ढिलावाल चौराहा होकर घर जा रहा था। जब वह ढिलावल चौराहे के निकट गढ़िया रोड से गुजर रहा था, उसी समय बाइक फिसल जाने के कारण सदानंद ट्रक के नीचे जा गिरा और कुचलकर मौत हो गई। मोरंग भरा डंपर गढ़िया मार्ग से ढिलावल चौराहे की जा रहा था। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। सदानंद बड़े भाई यशपाल एवं छोटे भाई अंशुल के बीच का था। सदानन्द का विवाह नहीं हुआ था जबकि उसके दोनों भाइयों की शादी हो चुकी है। बताया जाता है कि सदानंद नाला बघार स्थित मेडिकल कॉलेज में एडमिशन कराने में सहयोग करता था। हादसे की जानकारी मिलते ही गांव के प्रधान ज्ञानेंद्र राजपूत मॉर्च्युरी पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार को ढाढस बंधाया। बताया जाता है कि पीडब्ल्यूडी विभाग की घोर लापरवाही के कारण घटनास्थल की सड़क काफी समय से खराब है। सड़क पर पानी भरा रहने के कारण फिसलन बनी रहती है और आए दिन हादसे होते हैं।

# कुकर्म का मामला दर्ज नहीं कर रही है पुलिस

संवाददाता, फर्रुखाबाद

- पीड़ित एक हफ्ते से काट रहा थाने के चक्कर

**अमृत विचार।** शराब पिलाकर युवक से कुकर्म करने के मामले में पुलिस जमीनी विवाद बताकर पीड़ित को टरका रही है। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल तक नहीं कराया। जबकि पीड़ित एक सप्ताह से थाने व एसपी की चौखट के चक्कर काट रहा है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक को गांव का ही एक साथी पांच अप्रैल को मदनपुर बुलाकर ले गया। वहां साथी ने युवक को शराब पिलाई। युवक जब नशे में हो गया तो साथी उसको खेत में ले गया। वहां साथी ने युवक के साथ कुकर्म की घटना को अंजाम दिया। विरोध करने पर साथी ने युवक को जान से मारने की धमकी दी। युवक घटना के बाद से गुमसुम रहने लगा तो परिजनों ने युवक को गुमसुम देखकर पूछा तो उसने आपबीती बयान किया। परिजन युवक को लेकर चौकी पर गए और साथी के खिलाफ तहरीर दी। चौकी इंचार्ज ने आरोपी युवक को बुलाया और पूछताछ के बाद छोड़ दिया। इस मामले में पीड़ित ने कोतवाली में गुहार लगाई। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर पूरे मामले की जानकारी दी। एसपी ने जांच के आदेश दिए। पुलिस ने जांच के नाम पर खानापूर्ति करके पल्ला झाड़ लिया। पीड़ित एक सप्ताह से कार्रवाई को लेकर चक्कर काट रहा है। इंस्पेक्टर मनोज भाटी ने बताया कि जांच में मामला सही नहीं पाया गया। दोनों पक्षों के बीच जमीन का विवाद सामने आया है।

# दिव्यांग की पिटाई चार दिन बाद केस

**फर्रुखाबाद।** शहर कोतवाली के मोहल्ला कटरा बू-अली खां निवासी रिषभ गुप्तापुत्र अनिल कुमार गुप्ता नें दर्ज करायी एफआईआर में कहा कि वह हाथ से दिव्यांग है। वह रेलवे रोड़ के पांडेश्वर नाथ मन्दिर में रोजाना दर्शन करने जाता है। गत 8 अप्रैल को सुबह 10 बजे आरती के बाद पीछे शिव मन्दिर में दर्शन करने गया तो एक युवती उसके साथ गाली-गलौज करने लगी। मना करने पर उस युवती ने अपनी बहन परमीला उर्फ पन्ना कश्यप को बुला लिया। वह गिरेवान पकड़कर खीचते हुए अपने कमरे में ले गयी। उसी दौरान आधा दर्जन लोगों ने लात-घूसों से जमकर पीटा। दोबारा मन्दिर आने पर मार डालने की धमकी दी। घटना सीसीटीवी कैमरे के कैद हो गयी। उसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस जांच करने की बात कहकर मामले को टरकाती रही। घटना के चार दिन बाद रिपोर्ट दर्ज की गई।

# शासन को मान्यता की सूचना देने से कतरा रहा शिक्षा विभाग




कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** 15 साल में कक्षा एक से आठ तक के विद्यालयों को दी गई मान्यता संबंधी सूचना बेसिक शिक्षा विभाग उच्चाधिकारियों को देने से कतरा रहा है।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने नाराजगी जाहिर करते हुए 10 अप्रैल तक सूचना मांगी थी। महानिदेशक ने यह चेतावनी भी दी है कि 10 तक सूचना न भिजवाई तो 11 अप्रैल को शिक्षा महानिदेशक कार्यालय लखनऊ आकर सूचना उपलब्ध कराएं। बेसिक शिक्षा विभाग ने जिले में पिछले 15 साल में कक्षा एक से आठ तक के विद्यालयों को दी गई मान्यता संबंधी रिपोर्ट मांगी थी। बीते दिनों समीक्षा की गई तो जनपद से सूचना नहीं देना पाया गया। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने नाराजगी जाहिर करते हुए जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को निर्देश दिए कि दस अप्रैल तक मान्यता संबंधी सूचना हर हाल में कार्यालय भेज दी जाए। गौरतलब है कि कक्षा एक से आठ तक के 953 विद्यालय संचालित हैं।

### गली-कूचों में बिना मान्यता के चल रहे स्कूल

शासन के सख्त रवैये के बावजूद जनपद में सैकड़ों स्कूल बिना मान्यता के गली-कूंचों में चल रहे हैं। यही नहीं कुछ विद्यालय तो ऐसे भी हैं, जिन्होंने मान्यता तो ले ली, लेकिन उनमें मान्यता के मानक पूरे नहीं हैं। विभागीय अधिकारी अगर जांच करवाएं तो कई स्कूल बिना मान्यता व अमानक तरीके से चलते मिल जाएंगे।

### बोले जिम्मेदार

> मांगी गई सूचना निर्धारित तिथि से पहले महानिदेशक स्कूल शिक्षा को भिजवा दी जाएगी। जल्द ही कक्षा एक से आठ तक के विद्यालयों में छापेमारी की जाएगी। देखा जाएगा कि कोई विद्यालय बिना मान्यता या फिर अमानक तरीके से तो नहीं चल रहा है।
>
> – **गौतम प्रसाद,** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी

## सार-संक्षेप



स्कूल की व्यवस्था देखते एसओ। अमृत विचार

### रामनिवास महाविद्यालय में ठहरेगा चुनाव में आया फोर्स

**फर्रुखाबाद।** थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम चित्रकूट स्थित रामनिवास महाविद्यालय में थानाध्यक्ष ने पुलिस बल के साथ निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष ने महाविद्यालय में पुलिस फोर्स के रुकने को लेकर व्यवस्था देखी। महाविद्यालय में थानाध्यक्ष ने पानी, लाइट, पंखा आदि की व्यवस्था देखी। थानाध्यक्ष रणविजय सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर विद्यालय में व्यवस्थाएं देखी गई हैं। यहां लोकसभा चुनाव के लिए बाहर से आने वाला फोर्स रुकेगा।

### खुद पैर में मारी थी गोली, भाई समेत वादी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** मुकदमे में नामजद आरोपियों को फंसाने के लिए ही खुद पैर में शिकायतकर्ता ने गोली मार ली थी। पुलिस की जांच में मामला सामने आने पर वादी व उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया गया। ज्ञात हो कि दस अप्रैल को कोतवाली फतेहगढ़ के ग्राम निनौआ निवासी आकाश कटियार के पैर में गोली लगनें से घायल हो गये थे। आकाश नें ग्राम धन्सुआ निवासी ऐश्वर्य कटियार व वैभव कटियार व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच की तो सब कुछ साफ हो गया। पुलिस ने आकाश कटियार व उसके भाई मोनू कटियार को गिरफ्तार कर लिया। जबकि युवक अभी भी फरार है। जिसकी पुलिस को तलाश है। पुलिस तमंचा भी तलाश कर रही है। थानाध्यक्ष कादरी गेट अवध नारायण पाण्डेय नें बताया कि दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि एक आरोपी को पुलिस तलाश कर रही है।

### सामूहिक दुष्कर्म का आरोप

**फर्रुखाबाद।** दो युवकों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप लगाकर युवती ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना नबाबगंज क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने शुक्रवार को थानें में तहरीर दी कि वह 8 अप्रैल को सुबह 10 बजे अपने घर से दूसरे घर जा रही थी। रास्ते में उसे दो युवकों ने पकड़ लिया और उसकी पहले मोबाइल से वीडियो बनाई और उसके बाद उसको अपने घर पर ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। बाद में दोनों ने जान से मारने की धमकी देकर छोड़ दिया। थानाध्यक्ष आमोद कुमार नें बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। जांच की जा रही है।

### खेत जोतने पर विवाद

**फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के गांव नगला सेठ निवासी उर्वशी ने पुलिस को सूचना दी कि देवर भल्लू ने छह माह पहले चालीस हजार में खेत गिरवी रख दिया था। देवर भल्लू की मौत हो गई। 40 हजार रुपये ग्रामीण को वापस कर दिए। गुरुवार को उर्वशी खेत जुतवाने के लिए गई तो ग्रामीण ने दरवाजे पर आकर गालीगलौज किया और खेत जोतने से रोका। पुलिस ने मौके पर जाकर दोनों पक्षों से पूरे मामले की जानकारी की। एसओ बलराज भाटी ने बताया कि दोनों पक्षों में समझौते को लेकर पंचायत चल रही है। किसी पक्ष ने तहरीर नहीं दी है।

### पुलिस ने रूट मार्च कर सुरक्षा का दिया भरोसा

**फर्रुखाबाद।** लोकसभा चुनाव के चलते एसपी विकास कुमार के आदेश पर सभी थानेदारों ने अपने अपने क्षेत्रों में रुट मार्च कर जनमानस को सुरक्षा का संदेश दिया। चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की सभी लोगों से सहयोग की अपील की। वहीं अराजकतत्वों को कार्रवाई से बच न पाने की चेतावनी भी दी।

**नवरात्र की धूम** जय माता दी के जयकारों से गुंजायमान होते रहे आदिशक्ति के दरबार

# चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा की पूजा-अर्चना

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नवरात्र के चौथे दिन श्रद्धालुओं ने मां कूष्मांडा देवी की पूजा-अर्चना की। शहर के प्रमुख देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। कतार में लगकर दर्शनार्थियों ने मां दुर्गा का जयकारा लगाते हुए दर्शन किए। इस दौरान जय माता दी के जयकारे गूंजते रहे।

श्री गुरुगांव देवी मंदिर में में आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। ऊंच-नीच आदि का भेदभाव किए बिना लोग कतार में खड़े होकर दर्शन के लिए अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहे थे। नंबर आते ही मां के दरबार में नतमस्तक हो गए। झिलमिलाती हुई चुनरी से सजी मां की प्रतिमा लोगों को आकर्षित कर रही थी। महिला एवं पुरुषों की अलग-अलग लंबी कतारें लगी थीं। कांशीराम कॉलोनी हैवतपुर गढिया से आईं मनोरमा देवी व नीलम अग्निहोत्री ने बताया कि मां के दर्शन कर मनौती मांगी है। जब पूरी होगी तो मातारानी को चुनरी चढ़ाने आऊंगी। श्री शीतला देवी मंदिर और श्री संतोषी माता मंदिर बढ़पुर के परिसर भी श्रद्धालुओं से खचाखच भरे थे। समूचा वातावरण भक्तिमय था। इसके साथ ही वैष्णों देवी मंदिर भोलेपुर, मठिया देवी मंदिर और श्री गमा देवी मंदिर फतेहगढ़ में भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही।



मठिया देवी की प्रतिमा। अमृत विचार

### गुरुगांव देवी मंदिर में मेले का उठाया लुत्फ

श्री गुरुगांव देवी मंदिर परिसर में लगे मेले का भी लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। मेले में लगे झूलों पर बच्चों और युवाओं की भीड़ लगी थी। कॉस्मेटिक की दुकानों पर महिलाएं खरीददारी करने में व्यस्त थीं। ठेलियों पर खड़े होकर लोग चाऊमीन और चाट-पकौड़ी आदि का लुत्फ उठा रहे थे। वही मठिया देवी मंदिर पर आज देवी भक्तों की भारी भीड़ लगी रही बतिया देवी मंदिर सड़क के बीचो-बीच बना हुआ है इस मंदिर को हटाने के लिए ब्रिटिश हुकूमत ने पूरा प्रयास किया लेकिन वह मंदिर को नहीं हटा सके इस वजह से इस मंदिर की मान्यता बहुत ज्यादा है यहां दूरदराज देवी भक्त आ कर पूजा अर्चना करते हैं और मा से मनौती मांगते हैं।

# लेन-देन में पेट्रोल पंप कर्मियों और युवकों के बीच मारपीट

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना शमसाबाद क्षेत्र के फैजबाग मार्ग पर स्थित एक पेट्रोल पंप पर रुपयों के लेनदेन में पेट्रोल पंप कर्मचारियों और बाइक सवार युवकों को बीच मारपीट हो गई। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेने के बाद समझौता हो जाने पर छोड़ दिया।

शमसाबाद-फैजबाग मार्ग पर मोहल्ला खानपुर के पास स्थित पेट्रोल पंप से दो युवकों ने बाइक में 99 रुपये पेट्रोल डलवाया। युवकों ने 100 रुपये देकर एक रुपया वापस मांगा। इसी बात पर पेट्रोल पंप कर्मचारी और युवकों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते गालीगलौज और मारपीट होने लगी। मारपीट होने से पेट्रोल डलवाने आए अन्य लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। एसओ बलराज भाटी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पेट्रोल पंप कर्मचारी समेत दोनों युवकों को पकड़ लिया। थाने में दोनों पक्षों के बीच समझौता होने पर उन्हें छोड़ दिया गया। एसओ बलराज भाटी ने बताया कि एक रुपये वापस करने को लेकर झगड़ा हो गया था। समझौता होने पर दोनों पक्षों को छोड़ दिया गया।



## एक नजर

### विद्यालयों का समय सुबह 7.30 बजे करने की मांग

इटावा। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार यादव ने भीषण गर्मी और लू से बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव के मद्देनजर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से वार्ता की। परिषदीय विद्यालयों का समय सुबह 07:30 से दोपहर 12:30 बजे तक करने की मांग की। बीएसए ने अतिशीघ्र विद्यालयों का समय परिवर्तन करने का आश्वासन दिया।

### आंबेडकर जयंती 15 को

इटावा। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती कचहरी इटावा में स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पर डॉ. आंबेडकर अधिवक्ता एसोसिएशन और आल इंडिया लायर्स यूनियन इटावा के तत्वाधान में मनाई जाएगी। आल इंडिया लायर्स यूनियन के अध्यक्ष हर विलास सिंह एडवोकेट ने बताया कि 15 अप्रैल को सुबह 10 बजे कार्यक्रम होगा।

### युवक को चाकू के साथ पकड़ा

बकेवर, इटावा। लवेदी पुलिस ने एक युवक को अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पुलिस ने केस दर्ज कर जेल भेजा। पुलिस पूंछताछ में उसकी पहचान जागेश्वर उर्फ दीपक निवासी ग्राम नवादा खुर्द कला थाना लवेदी निवासी के रूप में हुई है।

# मधुमक्खियों के हमले में बुजुर्ग की मौत, कई घायल

## बरगद के पेड़ पर मधुमक्खियों का छत्ता, घायल भर्ती कराए गए

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** अलग-अलग थाना क्षेत्र में मधुमक्खियों के हमले से एक दर्जन से अधिक लोग घायल और एक की मौत हो गई। मधुमक्खियों के हमले से आसपास के क्षेत्र में हडकंप मच गया। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पछायगांव थाना क्षेत्र के मड़ैया करीलगढ़ निवासी विवेक ने बताया कि शुक्रवार को उसके घर में हवन-पूजन का कार्यक्रम चल रहा था। दो बेटियों के बाद एक बेटे ने जन्म लिया था इसी से खुश होकर उन्होंने झंडा चढ़ाने की बात कही थी जिसमें कई सारे रिश्तेदार घर पर आए हुए थे। दोपहर साढे बारह बजे के करीब हवन शुरू हुआ तो देवी मां के मंदिर के पास में खड़े बरगद के पेड़ पर मधुमक्खियां के झुंड ने अचानक से हमला कर दिया। जिससे विवेक

● मधुमक्खियों के हमले की खबर से आसपास के क्षेत्र में मचा रहा हडकंप

कुमार के 75 वर्षीय पिता दिनेश यादव ससुर 70 वर्षीय रामदास सिंह, विवेक की पत्नी पूजा, विवेक का छोटा भाई विपिन, मां मिथलेश देवी, पुत्र शिवांश 1 माह, भतीजा त्रृतिक और दो बेटी किटू 8 साल और बिटू 6 साल निवासी मढैया करीलगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गए।

विवेक के ससुर रामदास सिंह निवासी मई गदोखर, थाना नगला खंगर गंभीर रूप से घायल हो गए जब उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया तो डॉक्टर राघवेंद्र वर्मा ने मृत घोषित कर दिया और गंभीर रूप से घायल दिनेश सिंह का जिला अस्पताल में उपचार शुरू कर दिया।

रामदास सिंह को डॉक्टर ने मृत घोषित करने की जानकारी मिलते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया। विवेक ने बताया ससुर रामदास आर्मी से रिटायर्ड थे और वह शुक्रवार को ही घर पर आए हुए थे। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर परिवार के लोग बिना पोस्टमार्टम कराए शव को अपने साथ ले गए।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र की एक निजी स्कूलों में बस ड्राइवर और कंडक्टर स्कूल के बाहर बस खड़ी कर रहे थे। तभी स्कूल के अंदर से मधुमक्खियों के झुंड ने दोनों पर हमला कर दिया जिससे बस ड्राइवर सचिन पुत्र रामनाथ सिंह निवासी नगला वर्मा, थाना जसवंत नगर और उसका साथी कंडेक्टर अवधेश कुमार पुत्र रामौतार निवासी नगला वर्मा थाना जसवंत नगर घायल हो गए। अन्य साथियों ने उन दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर की देखरेख में इलाज जारी है।

# डॉक्टरों ने सात साल की बच्ची को दिया नया जीवन

संवाददाता सैफई, इटावा

● ऑपरेशन कर पेट से निकाली तीन किलो की गांठ

**अमृत विचार।** इटावा की रहने वाली एक सात साल की बच्ची के पेट में तीन किलोग्राम की गांठ की सफल सर्जरी कर निकाली गई। बच्ची के पिता राजू ने बताया की बच्ची का पेट पिछले तीन-चार महीनों से फूल रहा था। इससे बच्ची को खाना खाने में दिक्कत हो रही थी। बच्ची को अक्सर पेट में दर्द रहा करता था और उल्टी भी हो जाती थी। शहर के निजी चिकित्सालय में दिखाया लेकिन बच्ची को आराम नहीं मिला।

राजू ने बताया जब बच्ची की बीमारी की सही पता नहीं लगा तब सैफई आयुर्विज्ञान विवि सैफई में आकर पीडियाट्रिक सर्जरी (बाल शल्य चिकित्सा) विभाग के प्रमुख डॉ. उमेश कुमार गुप्ता को दिखाया। उनके द्वारा बच्ची की जांचें की गई। जांचों से पता चला की बच्ची के पेट में एक बड़ी गांठ बन गई है। डॉक्टर उमेश कुमार गुप्ता, डॉ राफे अब्दुल रहमान और डॉ. सर्वेश कुमार गुप्ता की शल्य चिकित्सकों के टीम ने ऑपरेशन 5 अप्रैल को किया। डॉ. गुप्ता ने बताया कि ऑपरेशन के दौरान गांठ की उत्पत्ति का अंग दाहिना अंडाशय में मिला। शल्य चिकित्सा द्वारा तीन किलोग्राम की बड़ी गांठ को सफलता पूर्वक निकाला दिया गया। डॉ. गिरजा और डॉ. अक्षय ने शल्य क्रिया के बाद बच्ची की सफलता पूर्वक देखभाल की। बच्ची के स्वास्थ्य में सुधार आ रहा है और उसकी जल्द ही छुट्टी कर दी जाएगी।

डॉ. उमेश कुमार ने बताया की ऐसी गांठ का इलाज सही समय पे किया जाये तो परिणाम सकारात्मक होते हैं। इस सफल ऑपरेशन पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. प्रभात कुमार सिंह , प्रति कुलपति प्रो .डॉ रमाकांत यादव,चिकित्स अधीक्षक प्रो .डॉ एसपी सिंह संकायाध्यक्ष प्रो .डॉ आदेश कुमार और आदि ने बाल शल्य चिकित्सा विभाग के डॉक्टरों को बधाई दी।

## सार-संक्षेप


मोहल्लों में फॉगिंग कराते भाजपा सभासद शरद वाजपेयी। अमृत विचार

### एंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया

इटावा। संचारी रोगों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत वरिष्ठ सभासद शरद वाजपेयी ने पुराना शहर के विभिन्न मोहल्लों में एंटीलार्वा दवा का छिड़काव कराया। मोहल्ला उद्धैदी, शाहगंज, चौखर कुआं, वैरुन पंसारी टोला, अकालगंज, गाड़ीपुरा चूड़ी बाजार, पचराहा, छैराहा, कुंज गली, लालपुरा आशिक, कटरा टेक चंद आदि स्थानों पर फॉगिंग मशीन से दवा का छिड़काव कराया। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए स्वच्छता और सहयोग दोनों आवश्यक है। आगे भी लगातार फॉगिंग मशीन से दवा का छिड़काव कराया जाता रहेगा। आशा अकालगंज डौली, आशा शाहगंज सुबिया परवीन सहित कर्मचारी व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### 10 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर 52 हजार रुपये जुर्माना लगाया

इटावा। सीओ चकरनगर व यातायात प्रभारी नागेन्द्र चौबे के कुशल नेतृत्व में शुक्रवार दोपहर को चकरनगर चौराहे पर चेकिंग अभियान चलाया गया। ट्रैक्टर-ट्रॉली से सवारी लेकर जा रहे ट्रैक्टरों के खिलाफ अभियान चलाकर चालान किए गए। उन्होंने सवारियां लेकर जा रहे 10 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ा और उन पर 52 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। बुधवार को बसरेहर थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने की घटना से पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। शुक्रवार दोपहर चकरनगर लखना सिन्डौस सड़क मार्ग से बड़ी संख्या में ट्रैक्टर ट्रॉली से सवारी लेकर जा रहे ट्रैक्टर चालकों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर 10 ट्रैक्टरों पर 52 हजार का ई-चालान काटा। इस कार्रवाई से ट्रैक्टर चालकों में हड़कंप मच गया और वह इधर-उधर लिंक मार्गो से जाते हुए दिखाई दिए। सीओ नागेंद्र राव चौबे ने बताया 10 ट्रैक्टरों पर चालान की कार्रवाई की गई है। अभियान लगातार जारी रहेगा। एसडीएम ब्रह्मानंद कठेरिया ने सभी ट्रैक्टर चालकों से अपील की है कि वह ट्रैक्टर-ट्रॉली का इस्तेमाल सवारी ढोने में ना करें।

### पत्रकार के साथ लूट का आरोपी 15 दिन से फरार

सैफई, इटावा। थाना क्षेत्र में पत्रकार के साथ मारपीट कर लूट करने वाला आरोपी 15 दिन से फरार है। पुलिस अभी तक आरोपी को पकड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पाई है। पत्रकार प्रदीप कुमार यादव पुत्र लाखन सिंह निवासी नगला नरिया, थाना जसवंतनगर जनपद इटावा का निवासी है। 24 मार्च 2024 को सुबह 8 :30 बजे ग्राम गींजा से झिंगूपुर की तरफ जाने वाले रास्ते पर अपनी कार से खबर कवरेज करके सैफई जा रहा था। ग्राम झिंगूपुर के अभिषेक ने कनपटी पर तमंचा लगाकर मारपीट कर घायल कर दिया था। 2800 रुपये लूटकर फरार हो गये थे। इस संबंध में 24 मार्च को मारपीट व लूट रिपोर्ट दर्ज की गई थी। विवेचना इंस्पेक्टर क्राइम अनुज अवस्थी कर रहे हैं। रिपोर्ट दर्ज होने के 15 दिन बाद विवेचक ने कोई भी कार्रवाई नहीं की।आरोपी सैफई चौराहे पर थाने के पास घूमता रहता है। प्रदीप यादव ने आरोप लगाया है कि पुलिस फर्जी बयान लेकर लूट की धारा हटाने का प्रयास कर रही है। प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा ने जल्द आरोपी की गिरफ्तारी की बात कही।

### हीट वेव के रोगियों के लिए उपचार की व्यवस्था करें

सैफई, इटावा। इस बार जल्दी पड़ी गर्मी और ताप घात के प्रकोप ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। इसका परिणाम है कि अस्पतालों में ताप घात के मरीज भी देखे जा रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग भी सतर्क हो गया है। शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गीता राम ने सीएचसी सैफई में हीट वेव से निपटने की तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर सुनील कुमार यादव को निर्देशित किया कि हीटवेव से पीड़ित रोगियों समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करें सीएमओ ने सभी ओआरएस की पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित करने की निर्देश दिए। हीट वेव के उपचार से संबंधित सभी औषधीय के साथ उपकरण आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की निर्देश दिए। मरीजों को पीने के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की बात कही। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर सुनील कुमार यादव ने बताया हीट वेव से निपटने के लिए तैयारियां पूरी कर ली है। यहां 5- 5 बेड के दो वार्ड भी बना कर तैयार कर दिए गए हैं। कहा कि जितनी बार हो सके पानी पिएं। हल्के रंग की ढीले सूती वस्त्र पहनें और धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी का प्रयोग करें। एसीएमओ, फार्मासिस्ट सुनील कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### भागवत कथा सुन श्रोता हुए भाव विभोर

महेवा, इटावा। कस्बा स्थित शिव शक्ति गेस्ट हाउस महेवा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथा वाचक पूनम शास्त्री ने बताया कि जहां अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान हो, उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्म दाता पिता का ही घर क्यों न हो। कथा के दौरान सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में स्वाहा होना पड़ा। कथा में उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए समझाया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया | परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है । बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है। इस दौरान परीक्षित शिव शंकर यादव और उनकी धर्मपत्नी मालती देवी अरुण यादव ,अनिल यादव, प्रवक्ता शिव शंकर यादव, पूर्व प्रधान, चौधरी बड़े यादव, समाज सेवी सरिता यादव ,राघवेंद्र यादव सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

### अमरनाथ यात्रा के पंजीकरण के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शुरू

इटावा। अमरनाथ बर्फानी सेवा मंडल के अध्यक्ष ओम रतन कश्यप ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अमरनाथ यात्रा बोर्ड का शुभारंभ करते हुए 35 लोगों के मेडिकल रजिस्ट्रेशन के प्रमाण पत्र जारी किए। इस वर्ष मंगलवार व शुक्रवार को राजकीय अवकाश छोड़कर अमरनाथ यात्रियों की जांच कर उनके प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। जो यात्री वर्ष 2024 में यात्रा करना चाहते हैं वह मंगलवार और शुक्रवार को जिला चिकित्सालय पर उपस्थित होकर अपना मेडिकल कराने की व्यवस्था करें। अमरनाथ यात्रा मेडिकल फॉर्म विजय इलेक्ट्रॉनिक पुल कहारान एवं न्यू गुप्ता ज्वेलर्स भरथना चौराहा पर उपलब्ध रहेंगे।

### हिमांशी वर्मा ने उत्तीर्ण की एमबीबीएस की परीक्षा



भरथना,इटावा। डॉ. हिमांशी वर्मा ने एमबीबीएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर स्वर्णकार समाज सहित नगर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। भरथना कस्बा के मोहल्ला बृजराज नगर निवासी सपा के पूर्व नगर अध्यक्ष प्रताप सिंह वर्मा की पुत्री हिमांशी वर्मा ने चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ से एमबीबीएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। उन्होंने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की शिक्षा होली प्वाइंट एकेडमी भरथना से ग्रहण की थी। स्वर्णकार समाज भरथना में पहली बार किसी युवती ने एमबीबीएस की परीक्षा उत्तीर्ण की है। डॉ. हिमांशी वर्मा की इस सफलता पर विधायक प्रदीप यादव, राघवेन्द्र गौतम, पूर्व मंत्री अशोक यादव, श्रीकृष्ण यादव, चैयरमैन अजय कुमार यादव गुल्लू, पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिओम यादव ने शुभकामनाएं दीं हैं। वहीं दादी पुष्पा देवी, पिता प्रताप सिंह वर्मा, मां हेमा वर्मा, चाचा बृजमोहन वर्मा, चाची अंशुल वर्मा, सुशील वर्मा, सुनीता वर्मा, भाई योगेन्द्र वर्मा, करन, शिवम,चंचल, बहिन प्रियंका वर्मा आदि परिजनों ने खुशी व्यक्त की है।


विरोध प्रदर्शन करते लेखपाल। अमृत विचार

### लेखपालों ने काली पट्टी बांधकर किया प्रदर्शन

सैफई। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की उप शाखा तहसील सैफई संघ के लेखपालों ने तहसील अध्यक्ष सुखवीर सिंह यादव की अगुवाई में मांगों को लेकर काली पट्टी बांधकर विरोध-प्रदर्शन किया। संघ ने एसडीएम दीपशिखा को दिए ज्ञापन में कहा कि निर्वाचन कार्य को देखते हुए ई डिस्टिक योजना के माध्यम से आए सामान्य निवास व जाति प्रमाण पत्र का कार्य भी 17 अप्रैल से पूर्णतया बंद कर दिया जाएंगे। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। लंबित समस्याओं का समाधान अपने स्तर से अतिशीघ्र करने करे तो संगठन आपका आभारी रहेगा। वर्ना हड़ताल करने के लिए बाध्य होंगे। जो भी कार्य प्रभावित होगा उसकी लेखपालों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। नागेंद्र सिंह तहसील मंत्री, अजय यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राहुल यादव कनिष्ठ उपाध्यक्ष, अनुराग शुक्ला उप मंत्री, राघवेंद्र यादव, पुष्पेंद्र चौहान आदि मौजूद रहे।

# मीट विक्रेता को लगी गोली पुलिस बोली, घटना संदिग्ध

संवाददाता बकेवर, इटावा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा लखना के मातन मोहल्ला में मुर्गा मीट विक्रेता को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लग गई। भरथना सीओ, लखना चौकी व बकेवर थाना पुलिस पहुंची और घायल को अस्पताल भिजवाया।

थाना बकेवर क्षेत्र के लखना मातन मोहल्ला निवासी मुर्गा मीट विक्रेता राकेश बाल्मिकी पुत्र मुन्नालाल गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक के जांघ मे गोली लगी है। पुलिस ने अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मौके पर पहुंचे सीओ भर्थना अतुल प्रधान इंस्पेक्टर बकेवर राकेश कुमार शर्मा, लखना चौकी प्रभारी ललित कुमार मामले की जांच में जुटे हैं। वहीं घायल व्यक्ति द्वारा बताया गया कि गोली उसके साले द्वारा मारी गई। अब इसकी जांच की जा रही है।


घायल पड़ा मीट विक्रेता राकेश।

● घटना स्थल का निरीक्षण कर पुलिस ने शुरू की जांच

प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध है। बच्चे को लेकर पति-पत्नी का विवाद चल रहा था। जिसके चलते युवक ने दबाव बनाने के लिए घटना को अंजाम देने का प्रतीत हो रहा है। वहीं देर रात फॉरेंसिंग टीम ने पहुंचकर जांच की जिसमें एक खोखा बरामद किया गया लेकिन बुलेट नहीं मिला। पैर से खून का रिसाव अधिक होने पर घायल को जिला अस्पताल से सैफई अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# आग से 20 बीघा गेहूं की फसल राख

संवाददाता भरथना, इटावा

**अमृत विचार।** भरथना थाना क्षेत्र के गांव नगला गुदे मे शुक्रवार को हाई टेंशन लाइन के टकराने से उठी चिंगारी खेत में ला गिरी जिससे खेत में खडी गेहूं की फसल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने की जानकारी मिलने पर गांव के लोग दौड पडे और आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। लोग जब तक आग पर काबू पाते तब तक 20 बीघा गेहू की फसल जलकर राख हो गई। आग बुझाते समय एक व्यक्ति झुलसने से घायल हो गया।

उक्त गांव निवासी हरविलास के खेत से होकर हाई टेशन की लाइन गुजरी है। हाई टेशन लाइन से उठी चिंगारी खेत में जा गिरी जिससे गेहू की फसल में आग लगी। देखते ही देखते आग ने पडोस के खेतों में खडी गेहूं की फसल का अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने पर


खेतों में जलती गेहूं की फसल। अमृत विचार

● एचटी लाइन की चिंगारी गिरने से हुआ हादसा

आसपास के गांवों के लोग दौडकर मौके पर पहुंचे और आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और उसने गांव के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक राम किशोर की चार बीघा हरविलास की दस बीघा, शिवराम की 6 बीघा फसल जलकर राख हो गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद यादव ने बताया कि हाई टेशन लाइन से उठी चिंगारी से आग लगी । आग गांव की ओर बढ रही थी तभी लोगों ने ट्रेक्टर को चलाकर खेत को जोत दिया जिससे आग बढने से रूक गई। आग बुझाने का प्रयास करते समय कृष्ण प्रसाद झुलस कर घायल हो गए उन्हें अस्पताल भेजा गया है। सूचना मिलने पर सीओ अतुल प्रधान व प्रभारी निरीक्षण देवेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया।

## वाहन की टक्कर से पैदल जा रहे युवक की मौत

**ताखा।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर पैदल चल रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। मामला ऊसराहार थाना क्षेत्र से गुजरने वाले आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे का है। शुक्रवार सुबह करीब चार बजे किलोमीटर संख्या 132 पर कुदरैल गांव के पास एक्सप्रेसवे पर पैदल चल रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यूपीडा व कुदरैल एक्सप्रेसवे चौकी पुलिस ने उसे पीजीआई सैफई के लिए रवाना किया। रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया। एक्सप्रेसवे चौकी इंचार्ज जगराम सिंह ने बताया कि घटना करीब सुबह चार बजे की है । युवक एक्सप्रेसवे पर घायल अवस्था में पड़ा मिला। जिसे पीजीआई सैंफई भिजवाया गया रास्ते में उसकी मौत हो गई। उसकी अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

# कमिश्नर ने बूथों की व्यवस्थाएं देखीं

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** कमिश्नर कानपुर मंडल अमित गुप्ता ने बकेवर जनता इंटर कॉलेज पहुंचकर बूथों की व्यवस्था देखी। सभी बूथों पर रैंप बिजली, पानी आदि की व्यवस्था समय रहते सुनिश्चित करने को कहा। इसके बाद नवीन मंडी मतगणना स्थल का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि काउंटर विधानसभा वार बनाया जाएं। जिससे मतगणना स्थल पर कोई भी अनावश्यक समस्याएं उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि वाहन पार्किंग आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। आयुक्त ने जसवंतनगर तहसील सभागार में सभी नोडल ऑफिसर के साथ बैठक की। उन्होंने समस्त नोडल ऑफिसर को निर्देश दिए की वर्नेबल बूथों की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का समय-समय पर परीक्षण करते रहें। अवगत कराया कि पोस्टल


जनता कॉलेज बकेवर में बूथ देखने जाते कमिश्नर अमित गुप्ता। अमृत विचार

● नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश

बैलेट की व्यवस्था पोस्ट से भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पोस्टल बैलेट पर जो भी कर्मचारी बाहर से आएंगे उनके अलग से काउंटर बनाया जाए एवं उनकी सुविधाजनक व्यवस्था की जाए । उन्होंने कहा कि वाहनों की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित की जाए साथ ही साथ उन्होंने यह भी अवगत कराया की स्वीप में मतदाता जागरूकता रैली आदि समय-समय पर की जाए।

जिलाधिकारी अवनीश राय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी, एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट दिग्विजय विजय प्रताप सिंह, संबंधित उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## लूट के चार दोषियों को पांच-पांच साल कैद

**इटावा।** विशेष न्यायाधीश एंटी डकैती कोर्ट नंबर आठ ने नौ साल पुराने कार लूट के मामले में चार आरोपियों को दोषी पाया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि गोरखपुर जिले के खरैया पोखा दशरथपुर निवासी राजीव रतन ने बकेवर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि चोरो ने उनकी कार लूट ली थी। पुलिस की जांच में चार लोगों के नाम प्रकाश में आए। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया और उनके पास से लूटी गई कार को बरामद कर लिया। बाद में पुलिस ने पकडे गए प्रदीप यादव उर्फ भीम निवासी गंगा पुरा चौबिया राकेश उर्फ रक्का निवासी बरूआ थाना कुर्रा मैनपुरी उपदेश उर्फ छोटे निवासी जौहरी थाना करहल व कौशल निवासी नगला नरिया जसवंत नगर के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए। कोर्ट ने चारों आरोपियों को दोषी पाया और उन्हें पांच पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई ।


प्रांतीय पदाधिकारियों का स्वागत करते प्रधानाचार्य। अमृत विचार

# 50 विद्यालयों ने बनाई वर्ष भर के कार्यक्रमों की रूपरेखा

संवाददाता बसरेहर, इटावा

**अमृत विचार।** जन शिक्षा समिति कानपुर प्रांत के तत्वावधान में प्रांतीय प्रधानाचार्य कार्ययोजना बैठक सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बसरेहर में हुई। विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के संगठन मंत्री हेमचन्द्र एवं क्षेत्रीय संयोजक संस्कृति बोध परियोजना राजकुमार सिंह का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ ।

बैठक में कानपुर प्रांत के लगभग 50 प्रधानाचार्यो ने भाग लिया। सभी प्रधानाचार्यो ने अपने अपने विद्यालय की वार्षिक कार्ययोजना बना कर प्रस्तुत की। विद्यालय की किस प्रकार प्रगति हो यह भी बताया। पूरे साल के विभिन्न कार्यक्रमों की रूप रेखा प्रस्तुत की। जिला मंत्री ओमप्रकाश शाक्य ने आभार प्रकट किया। सत्र में प्रदेश निरीक्षक धीरेन्द्र सिंह, संभाग निरीक्षक विजय शंकर, रामप्रसाद तिवारी एवं प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। बसरेहर प्रधानाचार्य प्रभू दयाल ने सभी का आभार प्रकट किया।

**जागरुकता बढ़ाई** | जिलाधिकारी ने मतदाता जागरुकता बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# लोकतंत्र में भागीदारी निभाएं, मतदान करने अवश्य जाएं

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जिले में शत-प्रतिशत मतदान कराने और मतदान की अलख जगाने के लिए शुक्रवार को ऐतिहासिक मतदाता जागरुकता बाइक रैली निकाली गई। डीएम अवनीश राय ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली कलेक्ट्रेट परिसर से डीएम चौराहा, एसएसपी चौराहा एवं नौरंगाबाद पुलिस चौकी से पक्का तालाब चौराहा होते हुए विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार पहुंची। स्वीप के अंतर्गत इस शानदार व सफल मतदाता जागरुकता रैली में हजारों लोगो ने सहभागिता की ।

इस अवसर पर डीजे रथ, बाइक सवारों ने मतदान आधारित गीत व विभिन्न स्लोगनों के माध्यम से जनपद के मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। आओ मिलकर अलख जगाएं, शत-प्रतिशत मतदान कराएं। वोट डालने जाना है, अपना कर्तव्य निभाना है। जनजन का ये नारा है, मतदान अधिकार हमारा है। लोकतंत्र में अपनी भागीदारी निभाए, मतदान करने अवश्य जाएं। हे मतदाता, वोट देकर तुम बनो भाग्य विधाता। मतदान कर, लोकतंत्र को मजबूत बनाये। आदि नारों की गूज से मतदाताओं को जागरूक किया गया। प्रेरणा सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने मतदाता जागरुकता की शपथ भी दिलाई। उन्होंने नए मतदाताओं को प्रमाण पत्र वितरण किए। जिस भी पोलिंग बूथ पर विगत वर्षों से बढ़ोतरी होगी उसको अवश्य सम्मानित किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार उपस्थित रहे।


बाइक रैली को हरी झंडी दिखाते डीएम अवनीश राय। अमृत विचार


रैली में भाग लेतीं महिलाएं। अमृत विचार

## 23 प्राध्यापकों को मिली पदोन्नति

**इटावा।** जनता कॉलेज बकेवर के 23 प्राध्यापकों की उनके पद से प्रोन्नति हो गई। जिसमें 6 प्राध्यापक प्रोफेसर बन गए। चार एसोसिएट प्रोफेसर बने। प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कि कॉलेज के 23 प्राध्यापकों को प्रोन्नति मिली है। 6 प्राध्यापकों उद्यान विभागाध्यक्ष एवं विश्विद्यालय के कृषि डीन डॉ. एके पांडे, गणित विभागाध्यक्ष डॉ. नलिनी शुक्ला, डॉ. एमपी यादव, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. एमपी सिंह, डॉ. पीके राजपूत की एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति हुई। चार प्राध्यापकों जुलाजी विभागाध्यक्ष डॉ. ललित गुप्ता, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. आदित्य कुमार, पुस्तकालय अध्यक्ष रामदास वर्मा का असिस्टेंट प्रोफेसर से एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर प्रोन्नति हुई।

# बेमौसम बरसात ने बढ़ा दी किसानों की मुसीबत

## रुक गया गेहूं की फसल की कटाई और मड़ाई का कार्य

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** अचानक मौसम का रुख बदलते ही किसान चिंतित होने लगे थे। दिन में तेज धूप और शाम तक आसमान पर बादल घुमड़ते देख बारिश होने की संभावना देख किसान चिंतित हो उठे। शुक्रवार शाम को गरज रहे बादल तेज हवा के साथ बरसने शुरू हो गए । बेमौसम बरसात से गेहूं की फसल मे नुकसान होने की संभावना बढ़ गई है। इस समय गेहूं की फसल की कटाई और मड़ाई का काम तेजी से चल रहा है। गेहूं की फसल पक कर तैयार है। कुछ खेतो में कटी पड़ी है। थ्रेसर से मड़ाई चल रही है। शुक्रवार की शाम को तेज हवा और आंधी के साथ शुरू हुई बारिश से गेहूं की फसल भीग जाने के कारण खेत के कटाई और मड़ाई रुक गई है। खेतों मे पड़े गेहूं के गट्ठर भीग जाने से लगभग चार से पांच दिन मड़ाई में देरी हो सकती है। गेहूं की कटाई भी रुक गई है। खेत के सूखने तक अब खेत से फसल की कटाई नही हो सकती है।


खेत पर पड़े गेहूं के गट्ठर। अमृत विचार



दुकानों में भरा बरसात का पानी। अमृत विचार

**बरसात व ओलावृष्टि : बिधूना।** शुक्रवार को हुई बेमौसम बरसात के साथ ओलावृष्टि से किसानों की चिंताएं बढ़ गई है। अचानक हुई बरसात से जहां गर्मी से आम जनमानस को राहत मिली है,वहीं जगह जगह जलभराव की समस्या पैदा हो गई है।

बरसात से तहसील प्रांगण में पानी भर गया जबकि फीडर रोड पर दुकानों के सामने पानी भर गया।इस दौरान कुछ दुकानों में अंदर तक पानी घुस गया,जिसे बाल्टियों से दुकानदारों ने बाहर निकाला। किसानों के खेतों में पड़े गेहूं के गट्ठे भीग गए जबकि सब्जियों आदि को भी नुकसान पहुंचा है। अचानक हुई बरसात के चलते गेहूं की फसल की मड़ाई पर ब्रेक लग गया है।

# 81 दिन बाद हो पाई शव की शिनाख्त, युवकों पर आरोप

संवाददाता अयाना, औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के महमूदपुर-चौकी मार्ग पर गूजरी गांव स्थित एक खेत में ड्रम में भरे मिले युवक की शिनाख्त घटना के 81 दिन बाद हो सकी है। मृतक के भाई ने जालौन के एक गांव निवासी दो युवकों पर हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है।


जानकारी देता भाई।

अहमदाबाद गुजरात के मेवाड़ीनगर निवासी आनंद तोमर पुत्र सुनील तोमर शुक्रवार को परिजनों के साथ अयाना थाने पहुंचा। आनंद ने पुलिस के द्वारा दिखाए गए कपड़ों व फोटों की मदद से 22 जनवरी को महमूदपुर-चौकी मार्ग के किनारे गूजरी गांव निवासी नाथूराम के खेत में रखे एक ड्रम में रजाई गद्दे के बीच भरे मिले शव की शिनाख्त अपने भाई रवि तोमर 28 के रूप में की। आनंद ने पुलिस को बताया कि वह मूल रूप से मध्यप्रदेश के अंबा पोरसा के गांव अधनापुरवा में रहता था। करीब 50 साल पहले परिजन गुजरात चले गए थे। भाई रवि रामेश्वर चार रास्ता अहमदाबाद में कपड़े की दुकान किए था। 20 जनवरी को वह एक शादी में जाने की बात कहकर निकला था। इसके बाद से उसका कुछ पता नहीं चला। इस पर उसने 28 जनवरी को अहमदाबाद में ही भाई की गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। सोशल मीडिया पर वायरल हुए अखवारों की कटिंग की मदद से वह शुक्रवार को अयाना आया था। मृतक के भाई ने जालौन जनपद के एक गांव निवासी दो युवकों पर हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी जयप्रकाश पाल ने बताया कि 81 दिन पहले ड्रम में भरे मिले शव की शिनाख्त उसके भाई ने की है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों पर शिकंजा कसने की तैयारी

संवाददाता ककोर,औरैया

- बीएसए ने सभी बीईओ को जारी किए निर्देश
- एक सप्ताह में गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों की मांगी सूची

**अमृत विचार।** नए शिक्षण सत्र के शुरू होने के साथ ही शिक्षा विभाग ने गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों के लिए नई मुहिम शुरू कर दी है। जिससे जिले में ग्रीष्मकालीन अवकाश में अमान्य विद्यालय पर शिकंजा कसने की कार्रवाई जल्द ही देखने को मिलेगी। मामले पर संज्ञान लेते हुए बीएसए अनिल कुमार ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि एक सप्ताह में उन सभी विद्यालयों के सूची मुहैया कराई जाए। जो बिना मान्यता प्राप्त के विद्यालय संचालित हो रहे हैं।

साथ ही उन विद्यालय को भी चिन्हित किया जाएगा जिनकी मान्यता प्राथमिक है और जूनियर तक विद्यालय में कक्षाएं संचालित हो रही है। कार्रवाई के बाद जुर्माना तथा स्कूल बंद की कवायद शुरू की जाएगी। बीएसए अनिल कुमार ने पिछले दिन जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश जारी करते हुए पत्राचार कर दिया है। अब जिले में गैर मान्यता का विद्यालयों के संचालन को लेकर शासन के आदेश अनुसार कड़ी चिंता व्यक्त की।सभी गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय केवल अभिवावको और बच्चों का शोषण करते हैं। इसके बाद बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है। अमान्य स्कूलों की वजह से मान्यता प्राप्त विद्यालय में नामांकन की संख्या पर भी असर पड़ रहा है।

मामले में बीआर सी स्तर पर टीम बनाकर ऐसे स्कूलों का निरीक्षण करने के लिए कहा गया है। साथ ही एक सप्ताह के अंदर विद्यालयों की सूची बीएसए कार्यालय को मुहैया कराई जाएगी। जुर्माने की कार्रवाई को लेकर भी आगाह किया गया है। इसमें बिना मान्यता प्राप्त के स्कूल संचालित होने पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगेगा और लगातार नियम का उल्लंघन करने पर 10 हजार रुपये प्रतिदिन के अनुसार जुर्माना तय किया गया है

बीएसए अनिल कुमार ने बताया कि जिले में एक भी बिना मान्यता व अमान्य विद्यालय संचालित नहीं होने दिया जाएगा। बीईओ स्तर से इसकी मॉनिटरिंग कराई जा रही है। एक सप्ताह के अंदर ऐसे अमान्य विद्यालयों की सूची देने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी को आदेश दिए गए हैं। पत्राचार भी कर दिया गया है। इसके बाद इन अमान्य विद्यालयों पर जुर्माना और बंद करने की कवायद की जाएगी।

## ब्रेक शू जाम होने से आधा घंटा खड़ी रही मालगाड़ी

**कंचौसी, औरैया।** दिल्ली हावड़ा रेल रूट पर स्थित कंचौसी रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे ब्रेक शू जाम होने से मालगाड़ी मेन लाइन में खड़ी रही। करीब आधा घंटा अपलाइन पर रेल यातायात प्रभावित रहा। रेल सूत्रों के अनुसार शुक्रवार दोपहर कानपुर सेंट्रल से इटावा की ओर जा रही मालगाड़ी कंचौसी स्टेशन से गुजर रही थी। तभी अचानक ब्रेक शू जाम होने से मालगाड़ी खड़ी हो गई। चालक ने गाड़ी को कंचौसी रेलवे स्टेशन पर रोक लिया। मौके पर पहुंचे रेल कर्मियों ने ब्रेक शू को ठीक किया। इस बीच लूप लाइन से एक मालगाड़ी और महानंदा एक्सप्रेस को गुजारा गया। सब कुछ ठीक मिलने के बाद मालगाड़ी को दोपहर 2 बजे के बाद मालगाड़ी को रवाना किया गया। स्टेशन अधीक्षक शैलेंद्र कुमार ने बताया कि ट्रेनों को स्टेशन की लूप लाइन से गुजारा गया। करीब आधे घंटे बाद रेल यातायात सुचारु हो सका।


स्टेशन पर खड़ी मालगाड़ी। अमृत विचार

# मानव शृंखला बनाकर वोट डालने को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** डीएम/ जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 में जनपद के मतदान प्रतिशत को बढ़ाये जाने हेतु स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला पंचायत इंटर कॉलेज मुरादगंज ,नेहरु स्मारक इंटर कॉलेज कैथावा, कुंवर हनुमत सिंह इंटर कॉलेज बेला, जिला पंचायत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरैन, जन सहयोगी इंटर कॉलेज उमरसाना, सर्वोदय इंटर कॉलेज साफर , जनता इंटर कॉलेज नुनारी पुर्वा सुजान, राजकीय हाई स्कूल जुआ, राजकीय हाई स्कूल करमपुर, जीजीआईसी बिधूना एवं एसबीबीएस स्मृति विद्यापीठ स्कूल औरैया में आमजन में जागरूकता के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जिसमें मतदान करने की शपथ एवं आगामी 13 मई को मतदान दिवस पर अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया और कहा कि मतदान के दिन अपने मत का अवश्य प्रयोग करें। इस अवसर पर मानव श्रृंखला, पोस्टर तथा रैली में स्लोगन की पट्टिकाओं के माध्यम से भी प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राएं, अध्यापक/ अध्यापिकाएं, अविभावक व ग्रामीण आदि मौजूद रहे।


छात्र-छात्राओं ने लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए मानव श्रृंखला बनाई। अमृत विचार

## बिजली गिरने से किसान झुलसा

**अछल्दा,औरैया।** विकास खंड के ग्राम गुनोली निवासी प्रदीप कुमार पुत्र बाबूराम शुक्रवार शाम करीब 4 बजे अपने छोटे भाई पवन कुमार के साथ अपने खेत पर मक्का की निराई करने गया था। तभी आकाश से तेज गरज एवं बिजली की चमक के साथ हल्की बारिश के साथ बिजली प्रदीप कुमार के ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे वह मक्के के खेतों में गिर गया अपने बड़े भाई को गिरते देख छोटे भाई पवन कुमार ने शोर मचा दिया। जिससे आसपास के अन्य ग्रामीण भी एकत्रित हो गए। किसान की हालत गम्भीर देख परिजन घायल किसान को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर लेकर पहुंचे,जहां डॉक्टरों ने सैफई रिफर कर दिया।

# मां शारदा विद्या मंदिर में वार्षिकोत्सव

संवाददाता कंचौसी,औरैया

**अमृत विचार।** कंचौसी क्षेत्र के विद्यालय मां शारदा विद्या मंदिर में वार्षिकोत्सव मनाया गया । मेधावी छात्र-छात्राओं का अलंकरण समारोह भी आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि चौकी इंचार्ज कंचौसी ज्ञानेंद्र कुमार ने गोपाल यादव, आरोही यादव, केशव, चाहत, मानवी, दिव्यांशी, शीतल, महेन्द्र, मयंक, अंशुल, पूर्णिमा दीक्षित, सहित दो दर्जन से अधिक छात्र छात्राओं को शील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया।

अतिथियों ने बच्चों को पुरस्कार दिए। प्रधानाचार्य प्रमोद अवस्थी ने कहा कि बच्चो की पढ़ाई में माता-पिता की अहम भूमिका होती है। उनके जीवन को संवारना उनकी देखरेख करना, घर में बच्चो को पढ़ाई के समय उनका मार्गदर्शन करना बच्चो को घरों में भोजन के समय विटामिंस मिनरल युक्त भोजन की व्यवस्था करना यह सबसे बड़ी भूमिका होती है, जिससे बच्चों का अच्छे तरह मानसिक विकास हो और बुद्धि क्षमता का विकास हो।

इस मौके पर डॉ. प्रभाकांत शुक्ला, डॉ. रमेश यादव, रणजीत सिंह, निशा अवस्थी, अंजलि यादव, आकृति यादव, सोनाली यादव, प्रियांशी, उज्ज्वल चतुर्वेदी, शिवांग अवस्थी व अन्य मौजूद रहे।


अंकपत्र व शील्ड लिए छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक व मुख्य अतिथि।

# माता रानी के दरबार में मांगी मन्नत

संवाददाता, ककोर

**अमृत विचार।** नवरात्र पर जहां माता रानी की दरबार में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। वहीं भक्त अपनी मन्नत पूरी होने पर दरबार में झंडा जवारे चढ़ा रहे हैं। महामाई दरबार गहेसर में भक्त बढ़-चढ़कर माता के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं। माता महामाई का दरबार आल्हा के समय का बताया जाता है।

आल्हा खंड में लिखा भी है मां शारदा वाली तीनों लोको में होय सहाय ,तेरी कृपा होय मात भवानी दुश्मन रहे थर्राए। कवि जगनिक ने आल्हा खंड में लिखा है। यह भी बताया जाता है कि जब भी आल्हा और उदल महोबा से कन्नौज जाते थे तो रात में महामाई के दरबार में ही ठहरते थे। तब से आज तक माता रानी के दरबार में दिन-रात भीड़ चली जा रही है।

यहां क्षेत्रीय लोगों के अलावा दूर-दूर से आकर पूजा अर्चना कर मन्नते मांगते हैं। दरबार में हिंगलाज भवानी की मूर्ति विराजमान है। दिबियापुर नगर व आसपास क्षेत्र से हजारों की तादात में झंडे चढ़ाए जाते है। नवरात्र के दिनों मे हर दिन पूजा-अर्चना के साथ यहां मेला भी लगता है।


झंडा चढ़ाने जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

# खड़ंजे को उखाड़कर दीवार बनाने का आरोप

संवाददाता बिधूना,औरैया

**अमृत विचार।** विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत बराहार के ग्राम सोहनी में दो वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत द्वारा बनवाए गए सरकारी खडंजे को उखाड़ कर एक दबंग ने अवैध कब्जा कर दीवार का निर्माण करा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

थाना बिधूना क्षेत्र के ग्राम सोहनी के प्रधान रामकुमार एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा खंड विकास अधिकारी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि ग्राम पंचायत द्वारा दो वर्ष पूर्व बनवाए गए सार्वजनिक खरंजे को गांव के शिवकुमार प्रजापति व उनके पुत्र शिवम प्रजापति के द्वारा दबंगई के बल पर उखाड़ कर सार्वजनिक रास्ते को अवरुद्ध कर दीवाल का निर्माण किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने बीडीओ एवं कोतवाली पुलिस को शिकायती प्रार्थना पर दिया। बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं हुई है, खंड विकास अधिकारी राज नारायण तिवारी ने कोतवाली पुलिस को मामले में वैधानिक कार्रवाई किए जाने को कहा है।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्रीकेश भारती ने कहा कि शिकायती प्रार्थना पत्र मिला है मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सुब्रत पाठक, असीम अरुण ने कीं सभाएं

**बिधूना।** भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक एवं उत्तर-प्रदेश सरकार के मंत्री असीम अरुण ने तहसील क्षेत्र के ग्राम झबरा, रामनगर, मलहौसी, सिरयाबा आदि ग्राम पंचायतो में नुक्कड़ सभाएं कर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास किया। इस मौके पर समाज कल्याण विभाग उत्तर-प्रदेश सरकार मंत्री असीम अरुण, कन्नौज लोकसभा प्रत्याशी एवं सांसद सुब्रत पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे, लोकसभा सांसद प्रतिनिधि रिया शाक्य, जिला पंचायत सदस्य अंजुम सिंह, जिला पंचायत सदस्य वासुदेव प्रजापति, सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा की जनहितकारी रीतियों नीतियों कार्यक्रमों से अवगत कराया।

## सार-संक्षेप

### अजीतमल कोतवाली में मुख्य द्वार का लोकार्पण

**औरैया।** शुक्रवार को एसपी चारु निगम और अपर पुलिस अधीक्षक दिगंबर कुशवाहा के साथ अजीतमल कोतवाली पहुंचे उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र जोगेंद्र कुमार ने अजीतमल कोतवाली के मुख्य द्वार का लोकार्पण किया। फिर गारद सलामी ली। चौकीदारों से हालचाल लेकर उन्होंने आवश्यक निर्देश दिए। उसके बाद उन्होंने निर्माणाधीन विवेचना कक्ष, और बैरक का निरीक्षण किया। कार्यालय में कार्य कर रहे कर्मचारियों से पूंछताछ कर अभिलेखों का रख रखाव देखा। परिसर की साफ सफाई देखी। वहीं बैरक निर्माणदाई संस्था के ठेकेदार को बुलाकर डी पी आर की जानकारी ली। कोतवाल राजकुमार सिंह से जानकारी की। इसके बाद उन्होंने पुरानी बैरक की ओर रुख किया। जहां पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने उन्हें बताया कि इसके जीर्णोद्धार के लिए प्रक्रिया चल रही है। वहीं कोतवाल राजकुमार सिंह ने बताया कि बैरक को मॉडर्न स्टाइल से सुसज्जित किया जाएगा। उप महानिरीक्षक ने पुलिस क्षेत्राधिकारियों और थानाध्यक्षों सहित उपनिरीक्षको के साथ बैठक की। खास तौर पर लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान सीओ राममोहन शर्मा, सी ओ विधूना महेंद्र प्रताप सिंह, सी ओ सदर अशोक कुमार सहित जनपद के सभी थानों के थानाध्यक्ष और चौकी प्रभारी मौजूद रहे। एसपी चारु निगम ने बताया कि डीआईजी ने थाना अध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक की। खासतौर पर अजीतमल कोतवाली पहुंचकर कार्यालय, अभिलेख, बैरक आदि का निरीक्षण किया। जनपद के सभी थानों के थानाध्यक्ष के साथ बैठकर समीक्षा की।


बूथ एवं सेक्टर प्रभारियों की बैठक में शामिल पदाधिकारी।

### भाजपा फफूंद मंडल के बूथ एवं सेक्टर प्रभारियों की बैठक

**फफूंद।** भारतीय जनता पार्टी मंडल फफूंद के अंतर्गत बूथ एवं सेक्टर प्रभारियों की बैठक माहेश्वरी गेस्ट हाउस कटरा मनेपुर मै संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गोविंद मिश्रा ने की। मुख्य अतिथि नव नियुक्त जिला महामंत्री कुलदीप दुबे ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के लिए एक महीना रह गया है। अभी से बूथ एवं सेक्टर अध्यक्ष तन मन धन से जुट जाएं। उन्होंने कहा है कि 14 अप्रैल को बाबा साहब भीम राव आंबेडकर जयंती एवं टिफिन बैठक संपन्न कराई जाए एवं पन्ना प्रमुखो की बैठक कराई जाए एवं घर-घर संपर्क किया जाए तथा 17 अप्रैल रामनवमी को घर-घर राम भजन कीर्तन किये जाएं। भारतीय जनता पार्टी जनपद औरैया के जिला महामंत्री कौशल राजपूत ने बताया की भारतीय जनता पार्टी का क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन 15 अप्रैल को 02 :00 बजे गिर्राज पैलेस मै होगा इसके पूर्व बूथ अध्यक्ष एवं सेक्टर प्रभारी का सम्मेलन 15 अप्रैल को 10 बजे से होगा। बैठक का संचालन मंडल फफूंद के उपाध्यक्ष अखिलेश पाल ने किया। जपा मंडल फफूंद के पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रमोद तिवारी, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुधांशु शेखर अग्निहोत्री, भाजपा युवा मोर्चा की मंडल अध्यक्ष आलोक दिवाकर, भाजपा मंडल फफूंद के मीडिया प्रभारी गोपाल कृष्ण मिश्रा, भाजपा मंडल फफूंद के उपाध्यक्ष विष्णु दत्त शुक्ला, मीडिया सेल विधानसभा संयोजक प्रदीप पांडे, राजेन्द्र प्रसाद अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

### जिले भर में कल बंद रहेंगी शराब की दुकानें

**औरैया।** डीएम/ जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार 14 अप्रैल को डॉ0 भीमराव, अम्बेडकर जयन्ती के दिन जनपद की समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, भांग के थोक व फुटकर बिक्री की दुकानें बन्द रहेगी। इस बन्दी के लिए अनुज्ञापियों को कोई प्रतिफल देय नहीं होगा।

लोकसभा चुनाव

कानपुर मंडलायुक्त अमित गुप्ता और अपर पुलिस महानिरीक्षक जोगेन्द्र कुमार ने की समीक्षा बैठक

# अधिकारियों ने मातहतों को दिए जिम्मेदारी से काम करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** आयुक्त कानपुर मंडल कानपुर अमित गुप्ता व अपर पुलिस महानिरीक्षक जोगेन्द्र कुमार ने कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 की तैयारियों के संबंध में कार्यों की समीक्षा करते हुए अब तक की गई व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने कहा कि जोनल/ सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में किए गए भ्रमण, कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों के प्रकार तथा प्रशिक्षण में दी जाने वाली जानकारी तथा पोस्टल बैलेट जारी करने एवं उनके लिए कार्मिकों के चिन्हीकरण, पोस्टल बैलेट पेपर हेतु मतदान की प्रक्रिया, 85+ व दिव्यांग मतदाताओं को दी जाने वाली सुविधा, मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिए जाने की तैयारी, मतदान सामग्री वितरण, प्रशिक्षण के दौरान प्रयोग में लायी जाने वाली ईवीएम एवं कंट्रोल यूनिट तथा वीवीपैट के संबंध में की जाने वाली कार्यवाही तथा आसपास क्षेत्र से आने व जाने वाले मतदान कार्मिकों के लिए वाहन व्यवस्था मुहैया कराने के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिए कि प्रशिक्षण के दौरान कार्मिकों को यह भी अवगत कराएं कि अपने गंतव्य से नवीन मंडी स्थल तक पहुंचाने के लिए वाहन व्यवस्था भी सुनिश्चित की गयी है।



समीक्षा बैठक करते कानपुर मंडलायुक्त अमित गुप्ता और अपर पुलिस महानिरीक्षक जोगेंद्र कुमार। अमृत विचार

दोनो अधिकारियों ने कहा कि निर्वाचन कार्य अति महत्वपूर्ण है। इसमें सभी संबंधित अपनी-अपनी जिम्मेदारी को पूरी सतर्कता के साथ करें। जिससे किसी भी स्तर पर कोई गड़बड़ी न होने पाये और भारत निर्वाचन आयोग के मंशानुरूप मतदान सकुशल शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

उन्होंने असलहा जमा कराने तथा संवेदनशील/ अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। कहा कि मतदान कार्मिकों के बैलेट पेपर के माध्यम से होने वाले मतदान को अधिक से अधिक कराया जाए तथा जागश्रऊकता कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूक करें,जिससे कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रह पाए।

वहीं आयुक्त कानपुर मंडल कानपुर व अपर पुलिस महानिरीक्षक ने कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय तुर्कीपुर चित्तर सिंह में बूथ 216 का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं और संबंधितों को निर्देशित किया कि सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करा लें, जिससे मतदान दिवस पर मतदाताओं को किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो।

डीएम/ जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश, एसपी चारू निगम, एडीएम/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, ए. एसपी दिगंबर कुशवाहा, अधिशाषी अभियंता लोनिवि अभिषेक यादव, एसडीएम औरैया,एसडीएम विधूना, एसडीएम अजीतमल एवं समस्त सीओ सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

